संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -20 मंगलवार,21 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# प्रशासन के हाथ लगी बड़ी सफलता

» टनल के अंदर डाली गई छह इंच की पाइप
» सुरंग हादसे में प्रशासन के हाथ लगी बड़ी सफलता
» सिलक्यारा टनल के अंदर छह इंच पाइप हुई आर-पार
» मजदूरों को 9 दिन बाद मिलेगा अब ये खाना

**उत्तरकाशी,20 नवम्बर 2023 (ए)।** सिलक्यारा सुरंग में चल रहे रेस्क्यू अभियान में आज एक महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। सुरंग के अवरुद्ध हिस्से में 6 इंच की पाइपलाइन बिछाकर सेकेंडरी लाइफ लाइन बनाने के लिए की जा रही ड्रिलिंग पूर्ण कर मलवे के आर पार 53 मीटर लंबी पाइपलाइन डाल कर इसके जरिये

## 41 मजदूरों को बचाने की जंग जारी
## केंद्र की एजेंसियां भी रेस्क्यू में जुटीं




फंसे श्रमिकों तक खाद्य सामग्री पहुचाने की तैयारी की जा रही है।

**रेस्क्यू की पहली कामयाबी**

शाम लगभग साढ़े चार बजे एनएचएआईडीसीएल के निदेशक अंशुमनीष खलखो, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला और टनल के भीतर संचालित रेस्क्यू अभियान के प्रभारी कर्नल दीपक पाटिल ने मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया कि गत नौ दिनों से चल रहे रेस्क्यू की इस पहली कामयाबी के बाद श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के प्रयास और तेजी से संचालित किए जाएंगे।

### फंसे श्रमिकों के जीवन को सुरक्षित करने का बढ़ा भरोसा

सुरंग में फंसे श्रमिकों के जीवन की रक्षा के लिए अबतक 4 इंच की पाइपलाइन ही लाइफलाइन बनी हुई थी। अब सेकेंड्री लाइफ लाइन के तौर पर छह इंच व्यास की पाइप लाइन मलवे के आरपार बिछा दिए जाने के बाद श्रमिकों तक बे आकार की सामग्री व खाद्य पदार्थ तथा दवाएं और अन्य जरूरी साजो सामान के साथ ही संचार के उपकरण भेजने में सहूलियत होगी। जिससे अंदर फंसे श्रमिकों के जीवन को सुरक्षित बनाये रखने का भरोसा कई गुना बढ़ा है। इस अच्छी खबर के बाद श्रमिकों और उनके परिजनों साथ ही रेस्क्यू के मोर्चों पर खुशी और उत्साह देखने को मिल रहा है और रेस्क्यू के अन्य विकल्पों को लेकर अब उम्मीदें उफान पर हैं। इस बीच उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ. नीरज खैरवाल ने आज परियोजना व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सुरंग का निरीक्षण कर रेस्क्यू अभियान का जायजा लिया और सेकेंडरी लाइफलाइन बनाने के काम को सफलतापूर्वक पूरा करने पर रेस्क्यू में जुटे लोगों को बधाई दी।
सिलक्यारा टनल के अंदर 12 नवंबर से 41 मजदूर फंसे हुए हैं। अब तक सुरंग के अंदर मजदूरों को पाइपलाइन के माध्यम से खाने में सूखे मेवे ही दिए जा रहे हैं। जिसमें काजू,बादाम,पॉपकॉर्न, भूने चने व मुरमुरे आदि शामिल है। सुरंग में दो-दो घंटे के अंतराल पर मजदूरों को खाना दिया जा रहा है।

# संजय सिंह ने अपनी गिरफ्तारी को दी चुनौती

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और ईडी को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली ,20 नवम्बर 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सोमवार को केंद्र और प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा है। संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें हाई कोर्ट ने सांसद को शराब घोटाले में गिरफ्तार किए जाने और उन्हें रिमांड पर लिए जाने से संबंधित एक याचिका को खारिज कर दी थी।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने केंद्र और ईडी को नोटिस जारी किया और उनसे 11 दिसंबर से पहले जवाब दाखिल करने को कहा। दिल्ली शराब घोटाला मामले में संजय सिंह 4 अक्टूबर को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए थे। तब से ही वह न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें संजय सिंह पर 82 लाख रुपये का चंदा लेने का आरोप लगा है।

# चंबल में फिर होगा मतदान

» बूथ पर गड़बड़ी का दावा
» सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो
» मध्य प्रदेश में एक मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान होगा



**भोपाल,20 नवम्बर 2023 (ए)।** लोकसभा से पहले देश के 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को मतदान हुआ था। मध्य प्रदेश में 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 73.01 प्रतिशत मतदान हुआ। मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाओं के कारण मतदान प्रभावित हुआ। हालांकि दावा किया गया है कि चंबल के एक मतदान केंद्र पर गड़बड़ी हुई। इसके बाद इस मतदान केंद्र पर दोबारा मतदान कराने का फैसला लिया गया है।
चुनाव आयोग से शिकायत की गई थी कि मध्य प्रदेश के चंबल स्थित भिंड जिले के अटेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 71 पर कब्जा कर लिया गया है। इस संबंध में कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। घटना की पुष्टि के बाद चुनाव आयोग ने इस मतदान केंद्र पर दोबारा मतदान कराने का फैसला किया।
इस शिकायत पर चुनाव आयोग ने फैसला लेते हुए मतदान केंद्र संख्या 71 पर दोबारा मतदान की तैयारी कर ली है। भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि अटेर विधानसभा के मतदान क्रमांक 71 पर 21 नवंबर को पुनर्मतदान होगा। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी।इस बीच जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने किशूपुरा मतदान केंद्र के सभी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। किशुपुरा में मतदान संख्या 71 पर 1223 में से 1103 मतदाताओं ने वोट डाले थे। इस मतदान केंद्र पर अब नई ईवीएम मशीन लगाई जाएगी। मतदान करने आने वाले मतदाताओं के बाएं हाथ की मध्यमा उंगली पर स्याही लगाई जाएगी। मतदान केंद्र की वीडियो रिकार्डिंग भी कराई जाएगी।

# इंफाल एयरपोर्ट के ऊपर देखा गया यूएफओ,मचा हड़कंप

### पता लगाने के लिए वायुसेना ने भेजे दो राफेल विमान

**नई दिल्ली ,20 नवम्बर 2023 (ए)।** भारतीय वायु सेना ने इंफाल एयरपोर्ट के पास देखी गई अज्ञात उड़ने वाली वस्तुओं की तलाश में अपने दो राफेल लड़ाकू विमान भेजे हैं। दरअसल यहां दोपहर करीब 2.30 बजे इंफाल हवाईअड्डे के ऊपर एक यूएफओ देखा गया, जिसके बाद कुछ वाणिज्यिक उड़ानें प्रभावित हुई।



रक्षा सूत्रों ने बताया, इंफाल एयरपोर्ट के पास यूएफओ के बारे में सूचना मिलने के तुरंत बाद, पास के एयरबेस से एक राफेल लड़ाकू विमान को वहां जाकर उसकी तलाश करने के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा, उन्नत सेंसर से लैस विमान ने यूएफओ की तलाश के लिए संदिग्ध क्षेत्र के ऊपर काफी कम ऊंचाई पर उड़ान भरी, लेकिन उसे वहां कुछ नहीं मिला।
उन्होंने कहा कि पहले विमान के लौटने के बाद एक और राफेल लड़ाकू विमान भेजा गया था। उसने भी खोजबीन की, लेकिन यूएफओ इलाके के आसपास नहीं देखा गया। उन्होंने कहा, संबंधित एजेंसियां यूएफओ के विवरण का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं क्योंकि इंफाल एयरपोर्ट पर यूएफओ दिखने के वीडियो सामने आए हैं। बता दें कि इंफाल एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक सर्विस कर्मियों, एयरलाइंस के कर्मचारियों, आम लोगों, पुलिस और सीआईएसएफ कर्मियों ने देखा। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर की छत पर मंडराता दिखी यह वस्तु किसी की पहचान में नहीं आ रही थी।

# राज्यों पर चला चुनाव आयोग का चाबुक

» पांच चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपए की नकदी व शराब जब्त

**नई दिल्ली ,20 नवम्बर 2023 (ए)।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि पांच राज्यों में इस समय चल रहे विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद उसने इन राज्यों में अब तक कुल 1760 करोड़ रुपये की नकदी, शराब और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए उन्हें मुफ्त दिये जाने वाले सामान जब्त किए हैं। आयोग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह जब्ती प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग और समन्वय के साथ की गयी है। इन कार्रवाइयों में सबसे अधिक नकदी तेलंगाना में और सबसे कम (शून्य) नकदी मिजोरम में पकड़ी गयी है।
इन राज्यों में इस बार की गयी जब्ती इन पांचों राज्यों में 2018 में कराये गये राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान इस तरह की जब्ती की तुलना में करीब सात गुना है। आयोग की चुनाव के दौरान जब्ती की कार्रवाई के लिये स्थापित प्रबंधन प्रणाली और प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक 373 करोड़ रुपये की नकदी, 215 करोड़ रुपये की शराब, 245 करोड़ रुपये की ड्रग, 371 करोड़ रुपये की बहुमूल्य धातुयें, 556 करोड़ रुपये के




मुफ्त बांटने के सामान जब्त किये हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ में करीब 21 करोड़ रुपये की नकदी, दो करोड़ रुपये से अधिक की शबरा, साढ़े चार करोड़ रुपये से अधिक के मादक द्रव्य , करीब 23 करोड़ रुपये की बहुमूल्य धातुएं और करीब 26 करोड़ 70 लाख रुपये के सामान जब्त किए गए। मध्य प्रदेश में 33.72 करोड़ रुपये की नकदी, 69.85 करोड़ रुपये की शराब, 15.53 करोड़ रुपये के ड्रग्स, 84.1 करोड़ रुपये की महंगी धातुयें, और 120.53 करोड़ रुपये के सामान जब्त किये गये हैं।
मिजोरम में 4.67 रुपये की शराब, 29.82 रुपये की ड्रग्स, और 15.16 रुपये के सामान की जब्ती की गयी है। राजस्थान में 93.17 करोड़ रुपये की नकदी, 51.29 करोड़ की शराब, 91.71 करोड़ रुपये के ड्रग्स, 73.36 करोड़ रुपये की मूल्यवान धातुयें तथा 341.24 करोड़ रुपये मूल्य के बांटने के सामान पकड़े गये हैं। तेलंगाना में चुनाव में मतदाताओं को लुभा कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की अवांछित गतिविधियों की रोकथाम के तहत जब्ती की कार्रवाई में सबसे अधिक 225.23 करोड़ रुपये की नकदी, 86.82 करोड़ रुपये की शराब, 103.74 करोड़ रुपये के ड्रग्स, 191.02 करोड़ रुपये की बहुमूल्य धातुयें तथा 52.41 करोड़ रुपये के सामान पकड़े गए हैं। मिजोरम, मध्या प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मतदान कराये जा चुके हैं। राजस्थान और तेलंगाना में क्रमशः 25 और 30 नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती तीन दिसंबर को करायी जायेगी।

# विशाखापट्टनम के बंदरगाह में लगी भीषण आग

### 40 नाव जलकर खाक-करोड़ों का हुआ नुकसान

**विशाखापट्टनम,20 नवम्बर 2023 (ए)।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के मछली पकड़ने के बंदरगाह में भीषण आग लग गई। एक नाव से शुरू हुई आग आखिरकार 40 नावों तक फैल गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।विशाखापट्टनम के मछली बंदरगाह पर आग आधी रात तक लगभग 40 फाइबर-मशीनीकृत नावों में फैल गई. पुलिस और दमकल दल ने तुरंत कार्रवाई की। आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। डीसीपी आनंद रेड्डी ने कहा कि इस बारे में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।.



मछुआरों को संदेह है कि कुछ अपराधियों ने नावों में आग लगा दी है। यह भी संदेह है कि एक नाव में किसी पार्टी होने के कारण उसमें आग लग गई थी। बंदरगाह से चौंकाने वाले नजारों में दमकल के लोगों को आग बुझाने की कोशिश करते हुए देखा गया। मछुआरे असहाय होकर आग को देखते रहे और उनकी आजीविका के साधन जलकर खाक हो गए। कुछ नौकाओं में विस्फोट भी हुआ, जो जाहिरा तौर पर ईंधन टैंकों तक आग पहुंचने के कारण हुआ। इससे इलाके में दहशत फैल गई। डीसीपी आनंद रेड्डी ने कहा कि आग रात करीब 11:30 बजे लगी।

# अलग राज्यों में एफआईआर के बावजूद हाईकोर्ट-सत्र अदालतें दे सकती हैं जमानतःसुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,20 नवम्बर 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय और सत्र न्यायालय आरोपी को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे सकते हैं, भले ही एफआईआर किसी दूसरे राज्य में ही क्यों न दर्ज हो। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ राजस्थान में एक महिला द्वारा दायर दहेज की मांग की शिकायत से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें पति को बेंगलुरु जिला अदालत द्वारा अग्रिम जमानत दी गई थी। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि एचसी या सत्र अदालतें किसी आरोपी को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे सकती हैं, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं किया गया हो और अंतरिम सुरक्षा तब तक जारी रहेगी जब तक आरोपी क्षेत्राधिकार वाली अदालत में नहीं पहुंचता। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि



अदालतों को नागरिकों की स्वतंत्रता पर विचार करते हुए सीमित अंतरिम सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए।
हालांकि शीर्ष अदालत ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने पर कुछ शर्तें लगाईं। इसने फैसला सुनाया कि जांच अधिकारी और एजेंसी को ऐसी सुरक्षा की पहली तारीख को नोटिस दिया जाना चाहिए, और आवेदक को अदालत को संतुष्ट करना होगा कि वे क्षेत्राधिकार वाली अदालत से संपर्क करने में सक्षम नहीं हैं। अदालत ने फैसला सुनाते हुए ऐसी अग्रिम जमानत देते समय क्षेत्रीय निकटता का पता लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया।
पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि आरोपी सिर्फ जमानत याचिका दायर करने के लिए दूसरे राज्य की यात्रा नहीं कर सकते और ऐसा करने के लिए उनके पास स्पष्ट कारण होना चाहिए। मामला शीर्ष अदालत में आया क्योंकि विभिन्न उच्च न्यायालयों ने पहले ट्रांजिट अग्रिम जमानत के मामले में अलग-अलग विचार रखे थे।

# माफिया डॉन बृजेश सिंह को बड़ी राहत

### हाईकोर्ट ने चार आरोपियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

**प्रयागराज ,20 नवम्बर 2023 (ए)।** पूर्वांचल के माफिया डॉन व पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया डॉन बृजेश सिंह को 37 साल पूर्व हुए सिकरौरा कांड में दोष मुक्त कर दिया। हाईकोर्ट ने माफिया बृजेश सिंह और आठ अन्य आरोपियों को जिला कोर्ट द्वारा बरी किए जाने के फैसले को सही ठहराया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद 9 नवंबर को फैसला सुरक्षित कर लिया था। वहीं, हाईकोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिन आरोपियों को सजा सुनाई गई उनमें देवेंद्र सिंह, वकील सिंह, राकेश सिंह और पंचम सिंह का नाम शामिल है। ये चारों आरोपी भी बृजेश सिंह के साथ अधीनस्थ अदालत से बरी हो गए थे। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि



इन चारों आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त आधार है इसलिए इन्हें आजीवन कारावास की सजा दी जाती है। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए यह भी कहा कि इन चारों आरोपियों को छोड़ जाना सही नहीं था। एक ही परिवार के सात लोगों की सामूहिक हत्या में इन्हीं चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई थी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर एवं न्यायमूर्ति अजय भनोट की खंडपीठ ने मामले में पीड़ित परिवार की हीरावती एवं राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए दिया है। अपील पर गत नौ नवंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने गत अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था। हीरावती और राज्य सरकार ने अपील दाखिल कर ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने वर्ष 2018 में पारित निर्णय में बृजेश सिंह समेत मामले के सभी 13 आरोपियों को बरी कर दिया था।

# महाराष्ट्र के हिंगोली में भूकंप के झटके




### रिक्टर स्केल पर 3.5 रही तीव्रता

**नागपुर,20 नवम्बर 2023 (ए)।** महाराष्ट्र के हिंगोली में सोमवार सुबह भूकंप के झटके महसूस हुए है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की मानें तो महाराष्ट्र के हिंगोली में आज सुबह 5 बजकर 09 मिनट पर भूकंप आया था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई है। वहीं इसकी गहराई 5 किमी की बताई जा रही है। हालांकि, इस भूकंप से किसी के हताहत की कोई खबर नहीं है।

# छठ पूजा के बाद बड़ी वारदात



### सनकी ने एक ही परिवार के 6 लोगों पर बरसाईं गोलियां

**लखीसराय ,20 नवम्बर 2023 (ए)।** बिहार के लखीसराय शहर में छठ पूजा के दौरान एक बड़ी वारदात सामने आई है। यहां कबैया थाना के अधीन आते पंजाबी मोहल्ला में छठ घाट से घर आ रहे श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच ही एक सनकी ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान छह लोगों की गोली लगी है, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही डीएम अमरेंद्र कुमार, एसपी पंकज कुमार, एएसपी रौशन कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे हैं।
जानकारी के अनुसार आरोपी ने एक ही परिवार को अपना निशाना बनाया है। वारदात में शशिभूषण खा के दो बेटे चंदन झा और राजेंद्र झा की गोली लगने से मौत हो गई है, जबकि शशिभूषण झा, इनके एक और बेटे दुर्गा झा, बहु लवली देवी पत्नी राजनंदन झा एवं प्रीति देवी पत्नी कुंदन झा गोली लगने से गंभीर से घायल हो गए हैं।

# बंगाल राशन घोटाला मामले में नया मोड़

» गिरफ्तार कारोबारी के पास कैसे पहुंचे राज्य सरकार के लॉग-इन और पासवर्ड,
» ईडी कर रही जांच

**कोलकाता,20नवम्बर 2023 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में जांच जारी है। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी इस बात से हैरान हैं कि घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार एक व्यवसायी के पास राज्य सरकार के लॉग-इन आईडी और पासवर्ड कैसे पहुंचे। गिरफ्तार कोलकाता के व्यवसायी बाकिबुर रहमान की राज्य खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधीन अधीनस्थ कार्यालयों की साख तक पहुंच थी। छापे और तलाशी अभियान के दौरान, जांच एजेंसी ने रहमान के विभिन्न कार्यालयों से कई राज्य




सरकार की मुहरें जब्त की, जो सभी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से जुड़ी थी। बरामद की गई मुहरों में पश्चिम बंगाल आवश्यक वस्तु आपूर्ति निगम लिमिटेड के साथ-साथ मुख्य निरीक्षक, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के उप-निरीक्षक की मुहरें शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार की मुहरों की बरामदगी और गिरफ्तार व्यवसायी के पास महत्वपूर्ण लॉग-इन आईडी और उनके पासवर्ड तक पहुंच होना, साबित करता है कि विभाग में उसका कितना प्रभाव और दबदबा था।
ईडी अधिकारियों का मानना है कि किसी भी सरकारी विभाग में किसी भी कारोबारी का इस तरह का प्रभाव और दबदबा तब तक संभव नहीं है जब तक कि कारोबारी को उच्च अधिकारियों का समर्थन प्राप्त न हो। इस बीच, राज्य के निवर्तमान वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक, जिन्होंने पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में भी काम किया था, इस मामले में अपनी कथित संलिप्तता को लेकर वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों ने कहा कि ईडी ने पैकेज्ड आटा विपणन संस्थाओं के गठजोड़ के साथ रहमान के संबंधों की भी पहचान की है, जिन्हें वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आटा बेचता था।

## संपादकीय

### दो समझौतों से उम्मीद

अतीत में बड़े देशों ने जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं लिया, जिसकी भारी कीमत दुनिया को चुकानी पड़ रही है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव अब वर्तमान पीढी को अपने जीवनकाल में ही भुगतने पड़ रहे हैं। क्या अब दुनिया इस मसले को गंभीरता से लेगी?

अगले 30 नवंबर से दुबई में शुरू होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन से ठीक पहले दो समझौतों से उम्मीद बंधी है कि ग्लोबल वॉर्मिंग को रोकने की दिशा में अब कुछ प्रगति हो सकेगी। इनमें एक समझौता अमेरिका और चीन के बीच हुआ है, जो दुनिया में कार्बन गैसों के सबसे बड़े दो उत्सर्जक हैं। दूसरा समझौता यूरोपियन यूनियन (ईयू) में शामिल देशों के बीच हुआ है। अमेरिका और चीन राजी हुए हैं कि वे मिल कर ग्लोबल वॉर्मिंग का मुकाबला करेंगे। दोनों देश एक साझा कार्यदल बनाएंगे। यह कार्यदल ऊर्जा संक्रमण, मीथेन उत्सर्जन, निम्न उत्सर्जन वाले विकास कार्यक्रमों पर अमल, जंगलों की कटाई रोकने आदि जैसी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करेगा। उधर ईयू में हुए समझौते के तहत इसमें शामिल देश जीवाश्म ईंधन के उद्योगों में मीथेन गैस के उत्सर्जन की निगरानी करने और इसका रिसाव रोकने के नए कदम उठाएंगे। लेकिन गौरतलब है कि यह अभी एक प्रोविजनल संधि है। इसे तभी कानूनी दर्जा मिलेगा, जब समझौते में शामिल सभी देश इसका अनुमोदन कर देंगे। ईयू भी एक बड़ा उत्सर्जक है।

दो साल पहले तक जलवायु परिवर्तन रोकने की दिशा में सबसे प्रभावी कदम ईयू में उठाए गए थे। लेकिन यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद इन देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाया, जिससे वहां प्राकृतिक गैस की किल्लत हो गई। नतीजतन, ईयू के सदस्य कई देश जीवाश्म ऊर्जा को फिर से अपनाने लगे। उधर अमेरिका में तो कभी भी उत्सर्जन रोकने के कदम गंभीरता से नहीं उठाए गए। अब दुबई में होने वाली कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-28) से ठीक पहले इन देशों का फिर से उत्सर्जन रोकने का इरादा जताना सकारात्मक दिशा में है। बहरहाल, चूंकि अतीत में ऐसे समझौतों पर अमल का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है, इसलिए ताजा समझौतों से क्या हासिल होगा, इसको लेकर संदेह बना रहेगा। अतीत में बड़े देशों ने जलवायु परिवर्तन की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया, जिसकी बहुत भारी कीमत दुनिया को चुकानी पड़ रही है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव अब वर्तमान पीढी को अपने जीवनकाल में ही देखने और भुगतने पड़ रहे हैं। क्या अब दुनिया इस मसले को गंभीरता से लेगी?

# हादसे की गंभीरता को देखते हुए अनुकूल दृष्टिकोण अपनाएं

दुनिया की सबसे दुर्जेय पर्वत श्रृंखला, हिमालय क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देना सर्वोपरि महत्व रखता है। ऐसा विकास न केवल आर्थिक विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल जैसे पहलुओं को शामिल करते हुए स्थानीय आबादी की भलाई सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा, यह पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने, कनेक्टिविटी में सुधार करने और क्षेत्र की अनूठी भूगोल और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों द्वारा उत्पन्न रणनीतिक चुनौतियों का समाधान करने में सहायक है। फिर भी, टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास की कुंजी इन नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों को शामिल करने में निहित है।

राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) द्वारा बनाई जा रही उत्तरकाशी सुरंग ढहने की घटना पूरे देश में गूंज उठी है, जो इस चुनौतीपूर्ण इलाके में बुनियादी ढांचे की कमजोरी की याद दिलाती है। उत्तराखंड में दूरदराज के इलाकों तक पहुंच बढ़ाने के समाधान के रूप में बनाई गई सुरंग एक महत्वाकांक्षी उपक्रम का प्रतिनिधित्व करती है, जिसका उद्देश्य कठोर मौसम की स्थिति और कठिन स्थलाकृति से उत्पन्न चुनौतियों को कम करना है। ब्रह्म खाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिल्क्यारा और डंडालगांव के बीच फैली सुरंग परियोजना हिमालय क्षेत्र में विकास की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

उत्तरकाशी में जिला आपातकालीन संचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, धरासू-बारकोट कॉरिडोर पर निर्माणाधीन परिवहन सुरंग का एक खंड, जिसकी लंबाई 4,531 मीटर है, 12 नवंबर को ढह गया। सुरंग की खुदाई 2,340 मीटर तक हो चुकी थी। सिलक्यारा और बरकोट से 1,750 मीटर की दूरी पर, सिलक्यारा से लगभग 270 मीटर की दूरी पर पतन हुआ। प्रभावित क्षेत्र लगभग 40 मीटर तक फैला है। कथित तौर पर सुरंग के अंदर 40 लोग फंसे हुए हैं। बचाव कार्य जारी है.

पानी के पाइप का उपयोग करके प्रभावित क्षेत्र में ऑक्सीजन की आपूर्ति सफलतापूर्वक बहाल कर दी गई है, और चल रहे प्रयास अन्य आवश्यक चीजों की आपूर्ति बहाल करने पर केंद्रित हैं। भौतिक हस्तक्षेपों में कुशल मलबा हटाने के लिए शॉटक्रीट मशीनों को जुटाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न एजेंसियां और प्रतिक्रिया इकाइयां बचाव अभियान को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक संसाधन जुटा रही हैं। सहयोगात्मक प्रतिक्रिया राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर समन्वित प्रयासों के माध्यम से तत्काल चुनौतियों का समाधान करने और घटना के प्रभाव को कम करने की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

### मानवीय हस्तक्षेप

पूरे इतिहास में, हिमालय में मानवीय हस्तक्षेपों से पर्याप्त पर्यावरणीय प्रभाव उत्पन्न हुए हैं। पहला उल्लेखनीय परिवर्तन ब्रिटिश उपनिवेशीकरण की अवधि के दौरान हुआ, जिसमें आर्थिक शोषण के उद्देश्य से प्रशासन, भूमि स्वामित्व और कार्यकाल व्यवस्था में परिवर्तन शामिल थे। इन बदलावों के कारण न केवल पारिस्थितिक परिणाम हुए बल्कि सांस्कृतिक क्षरण में भी योगदान मिला।

1870 के दशक में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप सामने आया जब सर आर्थर थॉमस कॉटन ने हिमालय की नदियों को भारत के दक्षिणी सिरे से जोड़ने वाली नहरों की एक श्रृंखला के निर्माण का प्रस्ताव रखा। स्वतंत्रता के बाद, पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक कारकों की जटिल परस्पर क्रिया के कारण यह पैटर्न कायम रहा। अमेरिकी इंजीनियरों और उनके सोवियत समकक्षों के प्रभाव ने, विश्व बैंक से वित्तीय सहायता के साथ मिलकर, बांधों के निर्माण को प्रेरित किया। यह विकासात्मक पथ सड़कों के निरंतर चौड़ीकरण, कंक्रीट संरचनाओं के प्रसार और पर्यटकों की बढ़ती संख्या की वार्षिक आमद की विशेषता है। परिणामस्वरूप, इन आर्थिक गतिविधियों के लिए सहायक बुनियादी ढांचे का विस्तार जारी है। यह ऐतिहासिक सातत्य क्षेत्र के पर्यावरण में मानवीय हस्तक्षेपों के



स्थायी प्रभाव को दर्शाता है और समय के साथ विविध प्रभावों से आकार लेने वाले विकास की बहुमुखी गतिशीलता पर प्रकाश डालता है।

### जिम्मेदार विकास

जोशीमठ, हिमाचल प्रदेश, तीस्ता नदी और अन्य में हाल की घटनाएं पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में विकास रणनीतियों के व्यापक पुनर्मूल्यांकन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। इन विनाशकारी घटनाओं में योगदान देने वाले कारकों का विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है, न केवल भविष्य की आपदाओं को रोकने के लिए बल्कि इन क्षेत्रों में निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी। पर्यावरण संरक्षण के साथ कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास की अनिवार्यता को संतुलित करना एक नाजुक चुनौती प्रस्तुत करता है।

इस अनिवार्यता को स्वीकार करते हुए, सितंबर 2023 में, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से 13 हिमालयी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को उनकी वहन क्षमता का आकलन करने और एक समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने का निर्देश देने का आग्रह किया। कई राज्यों ने सक्रिय रूप से विशेषज्ञ समितियों की पहचान और उन्हें शामिल करते हुए इस प्रक्रिया को पहले ही शुरू कर दिया है। यह सक्रिय दृष्टिकोण जिम्मेदार विकास के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है और योजना और कार्यान्वयन में पर्यावरणीय विचारों और सुरक्षा उपायों को एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। हिमालय में परियोजनाएँ

इन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण करते समय, चट्टान संरचनाओं, भ्रंश रेखाओं और संभावित अस्थिरता क्षेत्रों की गहन समझ आवश्यक है। विशेष रूप से, हिमालयी क्षेत्र में पहलों को उपलब्ध प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने से समझौता नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए, जटिल भूविज्ञान को समझने के लिए जमीन में घुसने वाले रडार और भूकंपीय इमेजिंग जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियां आवश्यक हैं। निर्माण परियोजनाओं में निर्माण के दौरान और बाद में किसी भी संरचनात्मक असामान्यताओं या भूवैज्ञानिक स्थितियों में बदलाव का तुरंत पता लगाने के लिए वास्तविक समय की निगरानी प्रणाली शामिल होनी चाहिए।

विशेष रूप से नाजुक क्षेत्रों में व्यापक उत्खनन और सुरंग निर्माण को कम करने के लिए वैकल्पिक निर्माण विधियों, जैसे ऊंची या निलंबित संरचनाओं की खोज करना महत्वपूर्ण हो जाता है। इस क्षेत्र को केवल सतत विकास सिद्धांतों के पालन से आगे बढ़ना चाहिए और इसके बजाय असफल-सुरक्षित डिजाइन सुविधाओं और प्रथाओं में निवेश करना चाहिए।

ऊंचाई पर स्थित, जहां प्रकृति की शक्तियां अप्रत्याशित और अक्सर अक्षम्य होती हैं, हिमालय क्षेत्र में एक इंजीनियरिंग कौशल की आवश्यकता होती है जो पारंपरिक मानकों से बेहतर हो। विफल-सुरक्षित इंजीनियरिंग, जिसे एक विशिष्ट प्रकार की विफलता की स्थिति में न्यूनतम या शून्य नुकसान के साथ प्रतिक्रिया करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, पर्यावरण की अनिश्चित प्रकृति को देखते हुए महत्वपूर्ण हो जाती है।

### असफलताओं से सीखना

जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न खतरे तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ते हैं, अनुकूलन और शमन दोनों को शामिल करते हुए एक सक्रिय दृष्टिकोण आवश्यक है। नियोजित रणनीतियाँ स्वाभाविक रूप से जन-केंद्रित होनी चाहिए, जो अद्वितीय हिमालयी परिदृश्य के प्रति संवेदनशीलता और उपयुक्तता प्रदर्शित करती हो। इसके अलावा, योजना और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों को शामिल करना अभिन्न हो जाता है, जिससे इलाके की प्रकृति-एम्बेडेड पारंपरिक ज्ञान का दोहन होता है। यह समावेशी दृष्टिकोण न केवल स्थानीय आबादी की चिंताओं को संबोधित करता है बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि विकास पहल हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र की जटिलताओं के साथ सामंजस्यपूर्ण रूप से जुड़ी हुई हैं।

इसके अलावा, इन इलाकों में, जहां नियमित परिस्थितियों में भी पहुंच स्वाभाविक रूप से चुनौतीपूर्ण है, त्वरित और कुशल लेकिन अनुरूप बचाव कार्यों की आवश्यकता विशेष रूप से स्पष्ट हो जाती है। आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल को बढ़ाना अनिवार्य हो गया है, और अप्रत्याशित घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया की सुविधा के लिए स्थानीय अधिकारियों को आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करना महत्वपूर्ण है। तैयारियों को मजबूत करने के लिए, स्थानीय प्रशासन को आपदाओं की स्थिति में तेजी से तैनाती को सक्षम करने के लिए रणनीतिक रूप से सुसज्जित आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्रों की स्थापना करनी चाहिए। यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल अधिक प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है बल्कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक जटिलताओं से उत्पन्न अद्वितीय चुनौतियों का भी समाधान करता है।

विकास की प्रक्रिया को एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण का पालन नहीं करना चाहिए; इसके बजाय, यह हमारी असफलताओं से सीखकर बनाई गई यात्रा है। समय की मांग एक ऐसे विकास मॉडल की है जो लचीलेपन को अपनाए, विशेष रूप से वह जो व्यक्तियों की भलाई और स्थानीय सेटिंग्स के एकीकरण दोनों पर केंद्रित हो। इस तरह के मॉडल को न केवल विफलताओं की अनिवार्यता को स्वीकार करना चाहिए बल्कि उन्हें विकास के अवसरों के रूप में उपयोग करना चाहिए, अंततः विकास के लिए एक टिकाऊ और अनुकूली दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए।

**-हरीसन मसीह-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## लुए टोरे के दिन आगे

पियंर पियंर डोली खार
धान बाली लहलहावत हे
लुए टोरे के दिन आगे
मांथ ल नवावत हे
रापा धरके कांदी छोले
बियारा ल चतरावत हे
जुड़ा ड़ाढ़ी सुमेला बंडी
बईलागाड़ी ल सम्हारावत हे
पेरा पुरा के पैरा डोरी
बर बरके बनावत हे
धान लुए बर हंसिया,बेठ
लोहार कर पजवावत हे
पात धरके चापे चाप
करपा ल मढ़ावत हे
थके मांदे निहरे निहरे
कनिहा ल सोजियावत हे
पेरा पुरा के पैरा डोरी
बीड़ा बीड़ा बांधत हे
मेड़ म बईठके बीड़ी पियत
सुसती धपकी मारत हे
डबल टिबल बोझा बिड़ा
सुर मुड़ी म डोहरावत हे
उल्ला धुरहा देख देखके
गाड़ा बईला म भरवावत हे
बईला गाड़ी टेक्टर टेक्टर
रवने रवन रेंगावत हे
धरे तुतारी कोड़ा लउंठी
ओहो तोतो चिल्लावत हे
कोठार बियारा खरहि खंजाय
लएन वार डोरी छोरावत हे
सुल्लु ढ़ेबर्रा गाभा भरके
बड़े बड़े खरहि रचावत हे!!



**सोनु नेताम माया**
रुद्री नवागांव
धमतरी

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चलत हे धान लुवई

खेत के बोंवाए धान ह पाकगे,
हँसिया धर के निकले बनिहार।
पागी खोंच के लुवत हें जम्मों,
बिकट सोन उगले खेती-खार।।
सिला बिनत हें गाँव के टूरी-टूरा,
पसर-पसर गबके लाडू अउ मुर्रा।
सुकसी मछरी के साग ह सुहावय,
जाड़ म हनय डोकरा बबा मेछर्रा।।
माईलोगिन डोहारे बोझा बाँधके,
टूरा पिला मन खांध म धरे हें सुर।
रचमच-रचमच बइला-गाड़ी आगे,
कोठार म खरही गंजे परबत लुर।।
अधिरतिया म किसान दउरी फांदे,
झरे धान के करे बिहनिया ओसाई।
पंखा के हावा ले उड़ागे बदरा मन,
पोठ-पोठ बीजा के करय नपाई।।
कोठी-डोली म लछमी के होगे बासा,
तिहार मनाए के चलय खूब तियारी।
नवा चाउर के सोहारी अउ दूधफरा,
रंधनही खोली म बनावत हे
सुवारी।।



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली,
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## सफलता के बीज बोया करते हैं

जो कौवे की तरह
पाने की चेष्टा किया करते हैं,
वही जिंदगी में सफलता के बीज
बोया करते हैं।
जो बगुले की तरह
पढ़ाई में ध्यान दिया करते हैं,
वही जिंदगी में सफलता के बीज
बोया करते हैं।
जो स्वान की तरह
हमेशा सोया करते हैं,
वही जिंदगी में सफलता के बीज
बोया करते हैं।
जो कुछ पाने के लिए नींद चैन का
त्याग किया करते हैं,
वही जिंदगी में सफलता के बीज
बोया करते हैं।
जो मुश्किल हालातो में भी नहीं
घबराया करते हैं,
वही जिंदगी में सफलता के बीज
बोया करते हैं।
जो असफलता के बाद पुनः प्रयास
किया करते हैं,
वही जिंदगी में सफलता के बीज
बोया करते हैं।
जो अपने मेहनत पर
भरोसा किया करते हैं,
वही जिंदगी में सफलता के बीज
बोया करते हैं।
जो सुबह की प्यारी नींद को खोया
करते हैं,
वही जिंदगी में सफलता के बीज
बोया करते हैं।



**श्याम सुंदर साहू**
,राजिम,
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# वृद्ध माता-पिता परिवार के वटवृक्ष और धरोहर

### दादी और नानी के नुस्खे वाली माँ

मां शब्द बड़ा ही वृहद और विराट होता है पूरी सृष्टि इसमें समाहित होती है। मां



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़



,धरती, जननी, धरा ,माते इतने पवित्र शब्द है कि संताने उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती हैं और पिता वटवृक्ष से घना साया हैं पितृऋण से कभी उबरा नहीं जा सकता। यूरोप और पश्चिम देश इतने अभागे हैं कि वे अपने माता और पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं या उन्हें छोड़कर स्वयं संताने दूर चली जाती हैं। स्विजरलैंड जैसे खूबसूरत देश में बुजुर्ग दंपत्ति इच्छा मृत्यु लेकर अपना अंतिम समय व्यतीत करते हैं, पर भारत सांस्कृतिक संस्कारी रूप से समृद्ध है तथा मां-बाप संतानों के पास रहते हैं। कुछ प्रतिशत छोड़ दिया जाए महानगरों में संताने मां और पिता को वृद्ध आश्रम में रखने का उपक्रम करने लगे हैं। पाश्चात्य सभ्यता की यह अंधी नकल बुजुर्ग दंपतियों के लिए बड़ी ही मार्मिक और हृदय विदारक होती है। वृद्ध दंपतियों का अनुभव परिवार के विकास समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विडंबना है मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगन सहनशीलताऔर परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि ईस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।


वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे-धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं। जो व्यक्ति कुछ समय पहले तक महत्वपूर्ण था, विशिष्ट था वह अचानक ही बोझ समझा जाने लगता है। उसके मान सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है। भागदौड़ वाली इस जिंदगी में युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों से एक दूरी बनाना शुरु कर देती है और वह व्यक्ति अकेला ही रह जाता है। जब मनुष्य अपने को एकाकी समझने लगता है तो यह उसके जीवन का सर्वाधिक कठिन समय एवं पल होता है। आत्मविश्वास जनित प्रेरणा की कमी वृद्धावस्था को बोझिल बना देती है। व्यक्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, दूसरों पर निर्भरता बढ़ने लगती है। नई पीढ़ी द्वारा उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। यही परिस्थिति वृद्धा अवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह होती है। वृद्धावस्था में मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक कष्ट के प्रमुख कारणों में से संयुक्त परिवार का विघटन भी है। युवा पीढ़ी द्वारा अपने मां-बाप से अलग होकर रहने की चाहत हमारे देश में एक गंभीर समस्या पैदा करती है। वृद्ध व्यक्ति या दंपत्ति को जिस आयु में पुत्र, पुत्रियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, ऐसे समय में पुत्र द्वारा उनकी देखभाल छोड़कर अलग रहने के लिए अलग मकान बनाना या किराए पर रहना, उस दंपत्ति या व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करती है। भारत देश वही देश है यहां की संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है। औद्योगिकरण और विसंस्कृतिकरण प्रणाली के फल स्वरुप युवा पीढ़ी के रहन-सहन एवं जीवन शैली में तीव्र बदलाव देखा जा रहा है। इस युग में व्यक्ति जितना अपने कार्यों में व्यस्त हो गया है कि उसको परिवार के साथ बैठने, रहने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती। भारत में बदलते परिवेश में ओल्ड एज होम की अवधारणा तेजी से बल पकड़ती जा रही है। नई पीढ़ी तरह पुरानी पीढ़ी के बीच एक तरह कम्युनिकेशन गैप भी आ जाता है, जो बुजुर्गों के लिए एक बड़ी समस्या होती है। बुजुर्ग दंपत्ति हो या व्यक्ति के पास जब तक धन रहता है तब तक उनके पुत्र, पुत्री उनका ख्याल रखते हैं और जब वह धनहीन हो जाते हैं, तो उन्हें नकार दिया जाता है ।यह एक बड़ी समस्या आज बुजुर्गों के सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी है। व्यक्ति को बुजुर्ग अवस्था में जब सबसे ज्यादा धन की आवश्यकता होती है तब उसके पास धन नहीं होता है। यह धन की कमी उपेक्षा का बड़ा कारण भी बनती है। युवा पीढ़ी का व्यक्तिगत स्वार्थ एवं धन के प्रति आकर्षण भी बुजुर्गों के प्रति प्रभाव तथा उपेक्षा का मूल कारण होता है।

व्यक्ति का जब सर्वश्रेष्ठ काल होता है तब उपेक्षित और समस्या ग्रस्त होकर अवसाद ग्रस्त हो जाता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग वृद्धावस्था के बारे में लिखा है

**मेरे साथ रहो, रुको वृद्ध हो,**
अभी जीवन का सर्वोत्तम शेष है।

वृद्ध व्यक्ति भी मानव है, उसे भी संवेदना, सहानुभूति और प्यार की आवश्यकता होती है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें उनकी लगातार सेवा करनी चाहिए, उनके मार्गदर्शन उनका परामर्श परिवार तथा समाज के लिए जल कल्याणकारी होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनका आशीर्वाद उनकी शुभकामनाएं लोक मंगलकारी होती हैं यह माना जाता है कि बुजुर्ग का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद जैसा ही होता है।

# ये तो ठीक बात नहीं हुई



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर
कर्नाटक

हमारे देश में क्रिकेट के प्रति लगाव पागलपन की सीमा पार कर रहा है! और बेशक ये खेल ही ऐसा है तो ज़ाहिर सी बात है होना ही चाहिए, पर एक शर्त पर कि हार पचाने की क्षमता के साथ पागलपन बरकरार रखना चाहिए। कल टीम इंडिया के हारने पर हर कोई अपनी भड़ास निकाल रहा है और किसी न किसी को मैच का मुज़रीम ठहरा रहा है। जब कि हार के पीछे कई फेक्टर काम करते है। कोई रोहित शर्मा पर इल्ज़ाम लगा रहा है, तो कोई के. आर. राहुल पर, कोई विराट कोहली पर, तो कोई सारे बोलर्स पर। खिलाड़ी कितने दबाव में खेल रहे होते है वो बात कोई नहीं जानता। उन पर खुद को स्थापित करने से लेकर टीम की, परिवार की, देश की और अपने फैन फोलोअर्स सबकी अपेक्षा में खरा उतरने का प्रेशर होता है। उनकी करियर, उनकी प्रतिष्ठा और प्रतिभा दांव पर लगी होती है। एक गलती करियर ख़त्म कर सकती है ऐसे में जीत के लिए जी जान लगाना कौन नहीं चाहेगा? किसी खिलाड़ी ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी परिस्थितियों के अनुसार अपना किरदार निभाया। के. आर. राहुल धीमा



खेलें पर उस वक्त उन पर विकेट बचाने का भी प्रेशर था, रिस्क लेना खतरे से खाली नहीं था।

पर फिर भी वक्त से पहले किस्मत से ज़्यादा कभी-कभी नहीं मिलता तो हम उनका लूज़र कहकर अपमान नहीं कर सकते।

हार जीत का ठीकरा हम किसीके सर नहीं फोड़ सकते, बस दिन हमारा नहीं था। सबकी लाइफ़ में ऐसा होता है कितनी मेहनत के बावजूद सफलता दूर भागती है, तब क्या हम हमारे आसपास के लोगों को अशुभ मानकर दूर कर लेते है? तो फिर वर्ल्ड क प हारने पर अमूक-तमूक लोगों पर व्यंग कसना कितना बाजिब है।

कोई अमित शाह को गाली चिपका रहा है, तो कोई हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी को अशुभ कहकर अपनी भड़ास निकाल रहा है। हमारी सोच कितनी गिरती जा रही है? क्यों हम हार पचा नहीं रहे? और उसका दोष प्रधानमंत्री जैसे सम्माननीय व्यक्ति को अशुभ कहकर हार का टोकरा डालकर अपनी निम्न सोच का परिचय दे रहे हैं। शर्म आनी चाहिए ऐसे लोगों को जो इस तरह की सोच रखते हैं। खेल का पहला नियम है! कोई एक हारेगा, कोई एक जीतेगा। जिसका जितना हो आंचल यहां पर उसको सौगात उतनी मिलेगी, यानि जो जितनी मेहनत और लगन डालेगा सफलता उनको मिलेगी। पर होता है कई बार ऐसा कि काबिल, होनहार और मेहनती पीछे रह जाते हैं; तब हम किस्मत को आगे कर मान लेते हैं कि खैर! नसीब में नहीं होगा। तब किसी और को दोष नहीं देते। तो वही नज़रिया क्रिकेट के प्रति क्यूं नहीं रखते? क्यूं इतना अग्रेसिव होते, आपा खोते शब्दों में ज़हर घोलकर मैच का मुज़रीम करार देते किसीको भी कटघरे में खड़ा कर देते है। क्यूं भै वो अशुभ आप भी तो हो सकते हैं। कभी खुद को जिम्मेदार समझकर देखिए। पर हम ऐसा नहीं करेंगे दूसरों की गलती निकालने वालों को आईना जो नहीं भाता।

हार जीत चलती रहती है महत्वपूर्ण है लड़ते रहो, जब टीम इंडिया जीतती है तो हम जमकर जश्न मनाते हैं, तो हार में भी उनके साथ खड़े रहकर उनको टूटने से बचाना हमारा कर्तव्य है। हमारी हौसला अफजाई उनको दोबारा खड़ा करने में अचूक सहायक होती है। इसलिए खेल को खेलदिली से देखें।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# डीपफेक के इस दौर में आंखों देखी घटना पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता

डीपफेक व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का हथियार बनकर अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं।

डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरें और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फ़ोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरें को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती हैं। पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की मदद से आसानी से डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी वीडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी वीडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक वीडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इस मामले में एक गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अब काजोल का भी डीपफेक सोशल मीडिया पर आ गया है। इसमें उनको कपड़े बदलते दिखाया गया है। इसमें ओरिजनल वीडियो ब्रिटिश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजी ब्रीन का है। उन्होंने ये वीडियो टिकटॉक पर 'गेट रेडी विद मी' सीरीज के लिए बनाया था। भारत में डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग रोकने और फर्जी वीडियो की पहचान के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी विकसित करने की जरूरत है। चिंता की बात है कि सोशल मीडिया मंचों और टेक कंपनियों ने डीपफेक वीडियो पर अंकुश के लिए कोई बड़ी पहल नहीं की है। लेकिन भारत सरकार इस मुद्दे पर इसकी घातकता को देखते हुए गंभीर है। सरकार इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले सभी डिजिटल नागरिक की सुरक्षा और भरोसे को सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध है।

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# सुरजपुर जिले की तीन सीटों पर भाजपा और कांग्रेस दोनों कर रहे हैं जीत का दावा

- ओमकार पांडेय -
सुरजपुर,20 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।








चुनाव खत्म हो गया पर अनिश्चितता बरकरार है। जीत-हार को लेकर दांव लगना शुरू हो गया है। सट्टा बाजार भी गर्म होता जा रहा है। सट्टा बाजार में भाजपा के पक्ष में ज्यादा दांव लग रहे हैं। हालांकि कांग्रेस के लोग भी अपनी जीत का दावा कर रहे है सुबह से लेकर रात तक लोग सिर्फ चुनावी चर्चा करते रहे। वहीं प्रत्याशी भी मीडिया कर्मियों को फोन कर अपनी स्थिति की टोह लेते रहे। लगातार प्रसारित किए जा रहे फर्जी एक्जिट पोल ने भी दोनों दलों की धड़कन बढ़ा दी है। किसी एक्जिट पोल में भाजपा को बहुमत के करीब दिखाया जा रहा है, तो किसी में कांग्रेस को।

को दिनभर सबसे ज्यादा चर्चा प्रेमनगर विधानसभा को लेकर होती रही। यहां से कांग्रेस के सांसद से लेकर विधायक रहे सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष वरिष्ठ नेता खेलसाय सिंह कांग्रेस से तो भाजपा पूर्व जिला पंचायत सदस्य भूलन सिंह के बीच मुकाबला हुआ। हालांकि दोनों दल अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। प्रेमनगर को लेकर सट्टा बाजार बेहद गर्म है। केराम भी चर्चा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रेमनगर प्रत्याशी की चर्चा जोरों पर है किंतु जीत हार की नही बल्कि भाजपा कांग्रेस के जीत हार तय करने की भूमिका के राम की होगी ये चर्चा हालाकि ये तो मत गणना के बाद स्पष्ट होगा । के राम के प्रदर्शन को लेकर भी सट्टे का बाजार गर्म है के राम को कितने वोट मिलेंगे कोई पूर्व से बढ़त पर लगा रहा है तो कोई पूर्व से कम वोट आक कर दाव लगा रहा है।

दूसरा सबसे बड़ा मुकाबला भटगांव को माना जा रहा है। यहां से संसदीय सचिव और दो बार के विधायक रहे पारसनाथ राजवाड़े का मुकाबला उन्ही के समाज से भाजपा की महिला मोर्चा की अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी राजवाड़े से है। चुनाव के पहले भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी राजवाड़े को पारसनाथ राजवाड़े के सामने कमजोर प्रत्याशी माना जा रहा था।

## तीसरा बड़ा मुकाबला प्रतापपुर में हुआ

तीसरा बड़ा मुकाबला प्रतापपुर में हुआ। यहां से निर्वाचित विधायक दो दो जिला का प्रतिनिधित्व करते है जिसकी वजह यह है की आधा क्षेत्र सुरजपुर तो आधा क्षेत्र बलरामपुर में आता है। जहां से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर भाजपा के अधिवक्ता शकुंतला पोर्ते और कांग्रेस की जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी मरावी आमने-सामने थे। दोनों के बीच कड़ा मुकाबला बताया जा रहा है। दोनो अलग अलग क्षेत्र से आते है एक वाडरफनगर तो दूसरी प्रतापपुर प्रतापपुर विधान सभा का भी मुकाबला दिलचस्प रहा। चर्चा में यह भी कांटे की टक्कर बताई जा रही है। चर्चा तो यह भी है की दोनो अपने अपने क्षेत्र में बढ़त बनाए हुए है । ऐन वक्त पर कमजोर समझे जा रहे भाजपा प्रत्याशी ने जिस तरह से वापसी की, उसने मुकाबले को रोचक बना दिया है।

चुनाव के दौरान जिस तरह महिलाओं का उत्साह मतदान को लेकर दिखा उसके कई मायने निकाले जा रहे है।

प्रेमनगर भटगांव प्रतापपुर तीनो सीटो से भाजपा के नेता और कार्यकर्ता बड़ी जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं कांग्रेसी भी जीत का दावा करते दिख रहे हैं। वहीं जिस तरह से महिलाओं का उत्साह मतदान को लेकर दिखा, उसने राजनीतिक पंडितों के गणित को भी गड़बड़ा दिया है।

### फर्जी एक्जिट पोल ने बढ़ाई धड़कन

सुबह से फर्जी एक्जिट पोल भी जमकर प्रसारित हो रहा है। कोई भाजपा को बहुमत के करीब दिखाता पोस्ट इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर रहा है तो कोई कांग्रेस को बहुमत दिखा रहा है। इन फर्जी एक्जिट पोल की वजह से कांग्रेस व भाजपा दोनों दलों की धड़कन तेज हो गई है।

बहर हाल जीत हार किसकी होगी ये तो 3 दिसंबर को तय होगा लेकिन कयासो का दौर जारी है। चौक चौराहे पान ठेले चाय की दुकान सहित तमाम जगह जगह चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# एक्जिट पोल का आयोजन करना,परिणाम का मीडिया में प्रकाशन और प्रचार प्रसार प्रतिबंधित

» 30 नवम्बर तक एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंध

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 07 नवम्बर 2023 से लेकर 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन, प्रचार व किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना प्रकाशित की है, जिसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत (एग्जिट पोल) सर्वेक्षण नहीं करेगा और राज्य के किसी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल व किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्र क्रमांक 491, 25 अक्टूबर 2013 में उल्लेख किया गया है कि निर्वाचन प्रचार से संबंधित विधिक उपबंध सोशल मीडिया पर उसी तरह लागू होते हैं जैसे वे किसी अन्य मीडिया का इस्तेमाल करके किए जाने वाले निर्वाचन प्रचार के किसी अन्य रूप पर लागू होते हैं। इसलिए सोशल मीडिया में भी एग्जिट पोल का आयोजन और परिणाम का प्रकाशन, प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित है। अधिसूचना अनुसार इस धारा के उपबन्धों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर दण्ड के रूप में दो वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

# मतगणना कार्य हेतु प्रशिक्षण आज

## सरगुजा,कोरिया,एमसीबी,सूरजपुर तथा बलरामपुर जिले के अधिकारी होंगे शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 अंतर्गत 17 नवम्बर को द्वितीय चरण का मतदान सम्पन्न हुआ। 03 दिसम्बर को मतगणना की तिथि निर्धारित है, जिसके सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देश पर 21 नवम्बर से 25 नवम्बर तक समस्त जिला मुख्यालयों में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। 21 नवम्बर को अधिकारियों - कर्मचारियों का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह 10:00 बजे से आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सरगुजा, कोरिया, एमसीबी, सूरजपुर तथा बलरामपुर से सम्बन्धित विधानसभा के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना रिटर्निंग ऑफिसर, विधानसभा हेतु मास्टर ट्रेनर, टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी, सुरक्षा नोडल अधिकारी एवं प्रोग्रामर उपस्थित रहेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले अधिकारियों के लिए विश्राम भवन में कक्ष आबंटन,वाहन व्यवस्था,जलपान एवं भोजन की व्यवस्था करने हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सत्कार अधिकारी, वाहन व्यवस्था प्रभारी अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

# अर्घ्य देने छठ घाट पर गए सब्जी विक्रेता के घर से नगदी व जेवरात चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

छठ पूजा के लिए घुनघुट्टा घाट गए सब्जी विक्रेता के सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने 30 हजार रुपये नगद व डेढ़ लाख से अधिक के जवरात पार कर दिए हैं। छठ पूजा करके परिवार के सदस्य घर लौटे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा था और कमरे के अंदर आलमारी से रूपए व जेवरात पार थे। सब्जी विक्रेता ने जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई है, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक शहर के घुटरापारा अयोध्यापुरम निवासी जगदीश प्रसाद गुप्ता सब्जी विक्रेता हैं। सोमवार की सुबह चार बजे वे पूरे परिवार के साथ दरिमा स्थित श्याम घुनघुट्टा में पूजा करने गए थे। सुबह साढ़े सात बजे घर लौटे तो मु य गेट व अंदर के दरवाजे का ताला टूटा था। कमरे में रखी आलमारी



का ताला तोडक़र चोरों ने पूरे समान को अस्त-व्यस्त कर दिया था। आलमारी में रखा 30 हजार रुपये नगद के अलावा सोने का टॉप, मांगटीका, नथिया, चांदी का पायल, कमरधनी, आठ नग चांदी का सिक्का सहित अन्य जेवरात गायब थे। सब्जी व्यवसायी ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 का मामला दर्ज किया है।सब्जी व्यवसायी के घर के पास लगे सीसीटीवी में चोरों की करतूत कैद हुई है। दो चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। घर का ताला तोडऩे के बाद एक चोर अंदर कीमती सामान बटोरा, दूसरा निगरानी कर रहा था। चोर पैदल ही उक्त घर तक पहुंचे थे। ऐसे में चोरों के द्वारा पहले से ही छठ पूजा के लिए जाने वाले परिवार के ताक में थे, इसकी संभावना वयक्त की जा रही है।

# छठ व्रतियों के गले से मंगलसूत्र पार,पुलिस संदिग्धों से कर रही पूछताछ



- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

शहर के शंकरघाट स्थित छठ घाट पर रविवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। वहीं घाट से ही व्रतियों के गले से मंगलसूत्र पार होने की भी खबर है। पीड़ितों ने इसकी जानकारी कोतवाली तक पहुंची है। पुलिस ने सूचना पर कुछ संदेहियों को हिरासत में भी लिया है, जो राजपुर सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों के बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की तहकीकात करने में लगी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शंकरघाट से तीन-चार महिलाओं के गले से मंगलसूत्र पार होने का मामला फिलहाल सामने आया है। छठी मैया को सुबह अर्घ्य देने के बाद इसकी सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आधा दर्जन महिलाओं का हिरासत में लिया। ये कथित रूप से छठ पूजा में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम को देखने आए थे। पुलिस इन महिलाओं से पूछताछ करने में लगी है।

# कीटनाशक के सेवन से विवाहिता की मौत,मायके पक्ष ने लगाया गंभीर आरोप

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।



तीन वर्ष पूर्व ब्याही युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतिका का दुधमुहा बच्चा है, जिसके सिर से मां का साया हट गया है। मृतिका के पिता व चाचा ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर न्यायिक अधिकारी की उपस्थिति में मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिले के कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम घनापाट में ब्याही आरती यादव पिता सत्यनारायण यादव 21 वर्ष ने अपने ससुराल में रविवार को कीटनाशक का सेवन किया था। मृतिका के पति का कहना है कि वे छठ पूजा करने के लिए गए थे। घर में उसकी पत्नी अकेले थी। 20 दिन के बच्चे के वह अपने ससुर को देने के लिए आई, इस दौरान उसके मुंह से कीटनाशक का गंध आ रहा था। पूछने पर वह जहरीले पदार्थ का सेवन करना बताई। इसकी जानकारी मिलने पर उसे बगीचा स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। यहां से रेफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया। यहां सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतिका के ससुराल व मायके पक्ष का पृथक-पृथक बयान लिया है। मायके पक्ष से मृतिका के पिता जयशंकर यादव व चाचा विनोद यादव ने पुलिस को दिए बयान में गला दबाकर जबरदस्ती जहर सेवन कराने का आरोप लगाया है। उसके नाक से खून निकला है। इनका कहना है कि आरती को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। उसका एक बच्चा पहले भी खराब हो चुका है। विवाहिता की मौत पर संदेह जताने के बाद पुलिस ने इसकी जानकारी एसडीएम को दी थी। न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में मृतिका के शव को पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही वास्तविकता सामने आ पाएगी।

# करवा चौथ प्रतियोगिता में सरिता भाटिया प्रथम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

समभाव महिला मंच द्वारा करवा चौथ विशेष स्पेशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम सरिता भाटिया, द्वितीय नमिता चावला, तृतीय रीना जायसवाल रहीं। विशेष पुरस्कार रंजू अग्रवाल को मिला। सभी समाज की बहनों के साझा मंच सभभाव की सदस्यों ने विजेताओं को बधाई दी।

# मोपेड-स्कूटी की टक्कर से अधेड़ की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।




मोपेड-स्कूटी की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। मृतक इलियास पिता ग्यासुद्दीन 30 वर्ष वेस्ट चिरमिरी का रहने वाला था। 18 नवंबर की शाम चार बजे वह मोपेड से बाजार जाने के लिए निकला था। इसी दौरान ग्राम सरभोका के पास स्कूटी क्रमांक सीजी 16 सीएच 3946 के चालक ने उसे ठोकर मार दिया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई थी। घायल अवस्था में उसे चिरमिरी अस्पताल लाया गया, यहां से रेफर करने पर बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्थिति गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह 6.30 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।





# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय महापर्व संपन्न

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हो गया। कठिन उपासना का यह पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अल सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं ने छठ घाटों पर पहुंचना शुरू कर दिया था। सूर्य उदय होने से पहले ही श्रद्धालुओं ने नदी, तालाबों के ठंडे पानी में स्नान किया। जैसे ही भगवान भास्कर उदीयमान हुए लोगों ने अर्घ्य देना शुरू कर दिया। अर्घ्य देने का सिलसिला सुबह 7.30 बजे तक चलता रहा। भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठ घाटों पर श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन किया और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालु अपने घर पहुंचे कर अन्न-जल ग्रहण कर 36 घंटे का कठिन व्रत तोड़ा।

चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व शुक्रवार को नहान खान के साथ प्रारंभ हुआ था। जो सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। रविवार की शाम व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया था। छठ को लेकर शहर के शंकर घाट, घुनघुट्टा नदी सहित लगभग एक दर्जन से ज्यादा छठ घाटों पर बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ छठ व्रत मनाया गया। सभी छठ घाटों पर समितियों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। शंकरघाट स्थित छठ घाट पर रात्रि जागरण का आयोजन किया गया था, जिससे पूरी रात भक्तिभाव का माहौल रहा। वहीं श्याम घुनघुट्टा छठ सेवा समिति द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। अर्घ्य संपन्न होते ही लोग प्रसाद पाने के लिए लालायित नजर आए। लोगों ने छठ व्रतियों के पास जाकर प्रसाद मांगा। इसके बाद छठ व्रतियों ने अपने घर पहुंच कर पड़ोसियों व रिश्तेदारों के घर प्रसाद पहुंचवाया।

CMYK

# पंजाब प्रांत के मदरसे में दो शिक्षकों पर 15 नाबालिग छात्रों के साथ दुष्कर्म का आरोप,जांच जारी

**इस्लामाबाद,20 नवम्बर 2023 ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मदरसे के दो शिक्षकों पर पंद्रह छात्रों के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। इससे एक दिन पहले संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (आईजीपी) उस्मान अनवर ने यहां पत्रकारों को बताया कि यह घटना लाहौर से करीब 275 किलोमीटर दूर चकवाल जिले में हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपी शिक्षकों की पहचान जीशान और अनिस के रूप में हुई है। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

आईजीपी ने कहा, चकवाल जिले के एक मदरसे के दो शिक्षकों ने मदरसे में 10 से 12 उम्र के 15 बच्चों के साथ दुष्कर्म किया। जांच के दौरान यह संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित पंद्रह छात्रों और उनके परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। छात्रों की चिकित्सा जांच की गई और दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।



उन्होंने बताया कि पीड़ितों के शरीर पर चाकू और कटे होने के निशान भी पाए गए हैं। पुलिस ने मदरसे के प्रशासक को हिरासत में ले लिया है।

यह पूरा प्रकरण तब सामने आया, जब पीड़ितों में से एक पिता ने शुक्रवार को पंजाब पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पिता ने कहा कि वह शुक्रवार को अपने बेटे को देखने के लिए मदरसे गए थे। उन्होंने कहा, मुझे देखकर मेरा बेटा फूट-फूटकर रोने लगा और उसने अपने शिक्षकों द्वारा दुष्कर्म और यातना की कहानी सुनाई। उसने यह भी कहा कि वह अकेला पीड़ित नहीं है, क्योंकि उसके अन्य सहपाठियों को भी जीशान और अनीस के हाथों यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है।

व्यक्ति के बयान के आधार पर पुलिस ने मदरसे में छापेमारी की और दोनों शिक्षकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पीड़ितों के बयान भी दर्ज किए। जिला पुलिस अधिकारी कैप्टन (रि.) वहीद महमूद ने डॉन अखबार को बताया कि पंजाब फोरेंसिक साइंस एजेंसी की एक टीम ने अपराध स्थल का दौरा किया है और डीएनए नमूने एकत्रित किए हैं।

## कार की चपेट में आया भारतीय मूल का व्यक्ति,मौके पर मौत; अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं

**न्यूयॉर्क,20 नवम्बर 2023।** अमेरिका के ओहियो से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। जहां कार की चपेट में आने से भारतीय मूल के 52 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। ओहियो स्टेट हाईवे गश्ती दल ने इस बात की जानकारी दी। एक विज्ञप्ति के मुताबिक, ब्रंसविक शहर के रहने वाले पीयूष पटेल को शनिवार को एक कार ने टक्कर मार दी, वह सबस्टेशन रोड पर चल रहे थे। घटना के तुरंत बाद जानकारी मिलते ही हादसे की जगह राजमार्ग गश्ती अधिकारी पहुंच गए। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, हादसे में घातक चोट आई हैं, जिसके कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।




एक रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे की जांच जारी है। हालांकि मामले में पुलिस ने अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है।

## आम चुनाव के लिए लेबर पार्टी ने भारतीय मूल के राजेश अग्रवाल को बनाया उम्मीदवार,लीसेस्टर ईस्ट चुनाव लड़ेंगे

**लंदन, 20 नवम्बर 2023।** विपक्षी लेबर पार्टी ने अगले आम चुनाव में लीसेस्टर ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए लंदन के डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल को अपना संसदीय उम्मीदवार बनाया है।

इंदौर में जन्मे 46 वर्षीय अग्रवाल ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपने चयन का एलान किया। उन्होंने दक्षिण एशियाई मूल की सबसे बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले इस निर्वाचन क्षेत्र के सभी निवासियों के लिए संसद सदस्य के रूप में काम करने का संकल्प लिया।

अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, मैं लीसेस्टर ईस्ट के लिए लेबर पार्टी के संसदीय उम्मीदवार के रूप में चुने जाने पर



सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा, एक लेबर सांसद के रूप में लीसेस्टर ईस्ट को दोबारा ठीक करने के लिए इस शुभ अवसर का इस्तेमाल करने का समय आ गया है। आइए मिलकर ब्रिटेन का भविष्य बनाएं।

लेबर नेता ने कहा कि वह लंदन के डिप्टी मेयर (व्यापार) के रूप में आदर्शों की वकालत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, लंदन के डिप्टी मेयर के रूप में मैंने ब्रिटेन का झंडा फहराया और दुनियाभर में हमारे आदर्शों की वकालत की, हजारों-लाखों पाउंड के अंतरराष्ट्रीय निवेश को आकर्षित किया, सैकड़ों-हजारों रोजगार पैदा किए और ढाई लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार की बेहतर स्थिति प्रदान की। अग्रवाल ने कहा, लीसेस्टर ईस्ट के लिए मैं इसी तरह के कदम उठाउंगा और यह सुनिश्चित करूंगा कि लोगों को उनका हिस्सा मिले।

अग्रवाल ने यह भी बताया कि 22 साल पहले जब वह प्रवासी के रूप में ब्रिटेन आए थे तो उनके जेब में ज्यादा पैसे नहीं थे और उन्होंने एक सफल फिनटेक बिजनेस स्थापित किया।

## रिसेप्शन में नहीं परोसी गई शराब,न ही डांस पार्टी हुई, वायरल वीडियो पर करतारपुर प्रबंधन की सफाई

**इस्लामाबाद,20 नवम्बर 2023।** करतारपुर परियोजना प्रबंधन इकाई के अधिकारियों ने सोमवार को उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि गुरुद्वारा दरबार साहिब के परिसर में डांस, शराब और मांस पार्टी आयोजित की गई। अधिकारियों ने कहा कि गलत उद्देश्यों से वीडियो के साथ छेड़छाड़ हो सकती है। कार्यक्रम का वीडियो ऑनलाइन काफी वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग परिसर में डांस करते और शराब परोसते हुए नजर आ रहे हैं।

परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) के अधिकारियों ने सोमवार को %पीटीआई% को बताया कि 18 नवंबर को आयोजित रिसेप्शन में न कोई शराब परोसी गई और न ही किसी प्रकार का डांस हुआ। अधिकारियों ने कहा कि वायरल वीडियो में डिनर पार्टी में शराब दिखाई दे रही है। दुष्प्रचार के मकसद से वीडियो से



छेड़छाड़ की गई होगी।

एक अधिकारी ने कहा, कार्यक्रम में एक लड़की गजल गा रही है और गलत उद्देश्यों के लिए वीडियो से छेड़छाड़ की गई है। अधिकारियों ने यह भी साफ किया कि डिनर रिसेप्शन गुरुद्वारा दरबार साहिब में परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) से करीब दो किलोमीटर दूर आयोजित किया गया था। इसका उद्घाटन गुरु नानक की 550वीं जंयती के मौके पर नौ नवंबर 2029 को किया गया था। करतारपुर सिखों का एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थान है, क्योंकि गुरु नानक ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष इसी स्थान पर बिताए थे।

इसके अलावा, पीएमयू ने एक बयान में कहा कि डिनर रिसेप्शन करतारपुर के दूसरे-चरण के विकास के लिए पिछले सप्ताहांत पर आयोजित किया गया था और यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की गई थी। बयान में कहा गया, पीएमयू की ओर से शनिवार की रात (18 नवंबर) करतारपुरम में एक अनौपचारिक डिनर रखा गया था, जिसमें नरोवाल जिले के सभी महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बयान के मुताबिक, डिनर में न्यायपालिका, जिला प्रशासन, पुलिस, रेंजर, एंटी-नारकोटिक्स अधिकारी और पत्रकार शामिल हुए।

इसमें कहा गया है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य करतारपुर के दूसरे चरण के विकास से जुड़े सभी विभागों और हितधारकों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ाना था।

## मालदीव में 77 भारतीय सैन्यकर्मी,नेपाल में ठंड से पांच की मौत

**माले, 20 नवम्बर 2023।** मालदीव में 77 भारतीय सैन्यकर्मी हैं और देश की नई सरकार भारत के साथ हस्ताक्षरित 100 से अधिक समझौतों की समीक्षा कर रही है। मालदीव के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह बात कही। एक दिन पहले ही मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू औपचारिक रूप से भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने का आग्रह किया था। राष्ट्रपति कार्यालय में सार्वजनिक नीति के अवर सचिव मोहम्मद फिरूजुल अब्दुल खलील ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नए प्रशासन ने पाया है कि मालदीव में 77 भारतीय सैन्यकर्मी हैं।



### पत्रकार अतुल को नास्ट का विज्ञान प्रौद्योगिकी पत्रकारिता पुरस्कार

नेपाल सरकार की नेपाल एकेडमी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (नास्ट) वरिष्ठ पत्रकार अतुल मिश्र को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान करेगी। पुरस्कार के तहत 50,000 रुपये नकद व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। यह पुरस्कार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसी एक पत्रकार को दिया जाता है। अतुल मिश्र को पुरस्कार दिए जाने का फैसला 46वीं अकादमिक परिषद में लिया गया।

**कॉन्सर्ट के दौरान प्रशंसक की मौत के बाद टेलर ने स्थगित किया शो**

रियो डी जनेरियो में टेलर स्विफ्ट ने शुक्रवार रात कॉन्सर्ट के दौरान एक 23 वर्षीय प्रशंसक की मौत के बाद शनिवार को रियो डी जनेरियो के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मैं स्टेडियम में अपने ड्रेसिंग रूम से लिख रहा हूं।

## बांग्लादेश में अमेरिकी राजदूत को खतरा,देश छोड़कर गए

### विदेश मंत्री ने किया खंडन



**ढाका,20 नवम्बर 2023।** बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री शहरयार आलम ने अमेरिकी राजदूत के देश छोड़कर जाने पर निराशा जाहिर की और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। बता दें कि बांग्लादेश में अमेरिका के राजदूत पीटर हास बांग्लादेश छोड़कर जा चुके हैं। रिपोर्ट्स हैं कि बांग्लादेश के कुछ नेताओं ने कथित तौर पर अमेरिकी राजदूत को धमकी दी थी।

### क्या बोले बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री

दरअसल रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी राजदूत पीटर हास बांग्लादेश में होने वाले आम चुनाव में दखल दे रहे थे। जिससे नाराज होकर बांग्लादेश के कुछ नेताओं ने कथित तौर पर पीटर हास को धमकी दी थी। हालांकि बांग्लादेशी सरकार ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि %देश के पास इतना सामर्थ्य है कि वह अपने विदेशी मेहमानों को सुरक्षा दे सकें। शहरयार आलम ने कहा कि बांग्लादेश में तैनात सभी राजदूतों का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। जब तक वह बांग्लादेश के हितों का ध्यान रख रहे हैं, तब तक उनकी सुरक्षा के लिए हम जिम्मेदार हैं और धमकी मिलने के कारण देश छोड़कर जाने की खबरें सिर्फ अफवाह है। हम जानते हैं कि वह कहां पर हैं लेकिन हम उनकी लोकेशन की जानकारी नहीं दे सकते।% बांग्लादेशी सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि अमेरिकी राजदूत पीटर हास फिलहाल श्रीलंका में हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### अमेरिकी राजदूत पर लगे विपक्षी पार्टी के समर्थन के आरोप

बता दें कि बांग्लादेश में अगले साल जनवरी में आम चुनाव होने हैं। चुनाव के चलते बांग्लादेश में तनाव का माहौल है और बीते दिनों ही चुनाव को लेकर ढाका में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। अमेरिकी राजदूत पीटर हास पर आरोप है कि वह विपक्षी पार्टी बीएनपी का समर्थन कर रहे हैं। हाल ही में पीएम शेख हसीना की पार्टी के एक नेता का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह अमेरिकी राजदूत को धमकाते नजर आ रहे हैं। पीएम शेख हसीना ने उक्त नेता के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

## विवेक रामास्वामी बोले-हमारे मां-बाप ने हमें भगवान पर विश्वास करना सिखाया,शादी का सुनाया मजेदार किस्सा

**वॉशिंगटन,20 नवम्बर 2023।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की दावेदारी पेश कर रहे विवेक रामास्वामी उनकी शादी का मजेदार किस्सा बताया है। दरअसल विवेक रामास्वामी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें विवेक की पत्नी अपूर्वा बता रही हैं कि कैसे दोनों एक पार्टी के दौरान मिले और पहली मुलाकात में विवेक अपूर्वा ज्यादा बात करने के इच्छुक ही नहीं थे।

### विवेक रामास्वामी ने साझा किया वीडियो

विवेक ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि %आयोवा के मतदान जानना चाहते हैं कि मैं और अपूर्वा कैसे मिले तो इसका जवाब यहां हैं।% वीडियो में अपूर्वा कुछ लोगों



को दोनों के मिलने का किस्सा बता रही हैं और विवेक भी उनके साथ खड़े नजर आ रहे हैं। वीडियो में अपूर्वा ने बताया कि मैं और विवेक एक पार्टी के दौरान मिले थे। विवेक उस वक्त कानून की पढ़ाई कर रहे थे और मैं मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। अपूर्वा ने मजाक में कहा कि वह शायद उनकी अंतिम पार्टी थी, जिसके बाद वहां मौजूद लोग भी हंसे। अपूर्वा ने बताया कि पार्टी के दौरान उन्हें विवेक सबसे ज्यादा मजेदार लगे। जिसके बाद वह उनके पास गई और दोनों में बातचीत हुई।

### रामास्वामी ने कही ये बात

अपूर्वा ने बताया कि बातचीत के दौरान मैंने बोल दिया कि मैं पहले भी विवेक नाम के एक अन्य युवक से मिल चुकी हूं। इसके बाद विवेक ज्यादा बात करने के इच्छुक नहीं थे और वह वहां से चले गए। हालांकि पार्टी के अंत में हम दोनों के बीच फिर बातचीत हुई और उस मुलाकात में हमें पता चला कि हम दोनों के बीच में कितनी बातें समान हैं। उसके बाद से ही हम दोनों साथ हैं। वीडियो में दिख रहा है कि अपूर्वा के बाद विवेक ने बताया कि उसके माता-पिता हमेशा कहते थे कि जिससे तुम्हारी शादी होगी, वह अहम होगा और वह अपने बच्चों को भी इसके बारे में बताएंगे।

# कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

## बायोमैट्रिक सिस्टम से हो रही धान खरीदी,किसानों के अंगूठे या ऑयरिस से ऑनलाईन हो रहा सत्यापन

### कुरिडीह और सांवारावां में किसानों के सुविधा के लिए खोले गये हैं नवीन धान खरीदी केंद्र

- संवाददाता -

**सूरजपुर,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल आज धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। उन्होने आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. धान खरीदी केन्द्र देवनगर व चन्दरपुर में चल रही धान खरीदी का अवलोकन कर और धान बेचने आये किसानों से बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने केन्द्र में खरीदी







से संबंधित सभी व्यवस्थाए पुख्ता है कि नहीं इसका जायजा लिया। उन्होंने बायोमैट्रिक सिस्टम से हो रही धान खरीदी का मुआयान भी किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को आवष्यक दिषा निर्देष दिये।

01 नवंबर से 31 जनवरी तक किसानों से धान खरीदी किया जाना हैं, जिसमें कुछ धान खरीदी केंद्रो में धान खरीदी की शुरूआत आज से हुई। इसके अंतर्गत आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. धान खरीदी केन्द्र देवनगर व चन्दरपुर भी शामिल थे। यहां कलेक्टर द्वारा श्री संजय अग्रवाल किसानों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ कराया गया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित किसानों को माला पहनाकर उनका सम्मान भी किया। उन्होंने किसानों से धान के किस्मों और पैदावार के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही जैविक खेती पर भी चर्चा की और आगामी फसलों में इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया।

ज्ञात हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के 54 धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने के लिए 55291 किसानों ने 80173 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराया है। किसानों को सुविधा पहुँचाने की दृष्टि से जिला प्रशासन की अनुशंसा पर जिले में 2 नये खरीदी केंद्र कुरिडीह और सांवारावां में खोले गए हैं। इस वर्ष बायोमेट्रिक आधार पर धान खरीदी की जा रहा है, जिसके तहत धान बेचने आये किसान के अंगूठे या ऑयरिस से उसकी पहचान कर सत्यापन ऑनलाइन किया जा रहा है। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग जी.एस. शर्मा, जिला विपणन अधिकारी श्रीमती शोभना तिवारी, नोडल अधिकारी सहकारी बैंक, श्री पी.एस. परिहार व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

CMYK

# जोड़े जोड़े सुपवा तोरे चढ़ईबो ना छठी मईया...तोरे चढ़ईबो ना...मईया खोल नाही केवड़िया दर्शनवा देहु ना!

### लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का आज समापन हुआ,व्रती महिलाओं पुरूषों ने तोड़ा व्रत

### आस्था के कुंभ में छठीव्रत धारियों ने लगाई डुबकी,ब्रह्मण समाज ने बाटा दूध और फूल

### छठ महापर्व व्रत सिर्फ पुत्र कामना के उद्देश्य मात्र से नहीं, बेटियों की भी मन्नत करते हैं व्रती

### अस्तानचलगामी व उदीयमान सूर्य देवता की होती है पूजा,छठ पूजा में श्रद्धालुओं की है बड़ी आस्था







-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर/पटना 20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचक जाए, होहिएँ बलम जी सहईया, बहंगी लचकत जाए। छठ पूजा गीतों से गुंजा पूरा क्षेत्र,सूर्य उपासना का महापर्व छठ चार दिवसीय कठिन विधि विधान के पालन पश्चात आज उदीयमान सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर सम्पन्न किया गया। चार दिवसीय छठ पूजा के लिए क्षेत्र में कई जगह सार्वजनिक नदी तालाबों में लोगों ने एक साथ सूर्य देव के अस्तांचलगामी व उदीयमान रूप को अर्ध्य अर्पित कर सुख समृद्धि व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। कोरिया जिले में भी छठ पर्व बड़े उत्साह से मनाया गया, कटकोना, पटना, पाण्डवपारा, क्षेत्र में छठ व्रती महिला पुरुषों ने सोमवार को भोर के ठंडे पानी में खड़े होकर सूर्य देव की अराधना की और उदीमान सुर्य देव को जल व दुध से अर्घ्य देकर छठ घाट में प्रसाद वितरण के बाद अपना 36 घंटे को निर्जला उपवास समाप्त किया। घाट से घर जाने के बाद व्रतियों ने नियमानुसार पारन कर अपना उपवास समाप्त किया इसी के साथ यह महापर्व भी समाप्त हुआ। छठ पूजा को लेकर घाटों की चहल पहल भी समाप्त हो गई। कटकोना के एसईसीएल, गोबरी जलाशय, पटना झुमरपारा तलाब में बने घाट पर व्रतधारी महिला व श्रद्धालुओ की बडी संख्या में भीड इकठ्ठा हुई, व्रती महिलाओं सहित पुरुषों ने रविवार को डुबते हुए सुर्य देव को व सोमवार को उगते हुए सुर्यदेव को ठंडे पानी में खडे होकर सुर्योपासना करते हुए व पुत्र, पुत्री की दीर्घायु साथ ही बेहतर स्वास्थ्य की कामना,परिवार की मंगल कामना करते हुए हाथ में फलो से सजा सुप व दौरा लेकर सुर्यदेव को जल व दूध से अर्घ्य दिया। क्षेत्र में आस्था का कुंभ छठ महापर्व बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया गया,बैकुंठपुर में राम मंदिर तालाब से लेकर झुमका बांध व गेज नदी तट पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और रविवार शाम को डूबते सूर्य एवं सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामना की गई। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ घाट पर व्रती महिलाओ के साथ श्रद्धालु जन शामिल दिखाई दिए,भक्तिभाव के साथ लोगो ने पूजा अर्चना की। 4 दिनो तक चलने वाले इस त्योहार के लिए अब क्षेत्र में भी एक अलग सा वातावरण देखने को मिलता है, इस वर्ष घाटों पर श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा हो रहा है,पहले सिर्फ राम मंदिर तालाब में उक्त पर्व पर लोग पूजा अर्चना करते थे लेकिन धीरे धीरे व्रतधारियों के साथ श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ी है जिसके बाद झुमका बांध, कोड्या सागर बांध व गेज नदी तट के कई स्थानों पर भी यह महापर्व मनाया जाने लगा है। इसी क्रम में 4 दिनो के इस महापर्व में लोग भक्ति भाव से शामिल हुए, अस्त होते और उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देने की परंपरा के अनुसार व्रतधारियों के अलावा अन्य जनों ने भी अर्ध्य दिया। गढ़ेलपारा छठ घाट में भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे,पार्षद अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में पूरी तैयारियों के साथ यहां शाम व सुबह के वक्त गंगा आरती का विशेष आयोजन किया गया था,साथ ही ब्राह्मण समाज कोरिया के सदस्यों ने दूध और पुष्प का वितरण किया जिसे लेकर श्रद्धालुओं ने सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष बृज मिश्रा, जयनाथ बाजपेयी,धनेंद्र मिश्रा, राहुल मिश्रा,शैलेंद्र शर्मा,कृष्णविभूति तिवारी,पुष्प राज तिवारी,विपुल शुक्ला,वरुण दुबे,कान्हा गौतम समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।






### रूनकी-झुनुकी बेटियों के लिए करती है मां अर्घ्यदान

नारी सक्तिकरण का संदेश देता है लोक आस्था का माहपर्व छठ बेटा-बेटियों में कोई अंतर नहीं मानती है मातायें। लोक आस्था का महापर्व छठ सिर्फ पुत्र कामना के लिये ही नहीं बल्कि बेटियों के लिये भी किया जाता है। छठ के गीत में व्रती रूनकी-झुनुकी बेटियां, पंड़ा-पंडित्वा, दामाद हे छठि मईया के गीत गाते भगवान सूर्य से पुत्री की कामना करती है। छठ एक ऐसा व्रत है जहां सारे मिथक टूटते है पुरुष प्रधान समाज में जहां बेटे का कद ऊंचा माना गया है, वहां छठ व्रत इन मिथकों को तोड़ नारी सक्तिकरण का संदेश देता है। क्षेत्र में कई ऐसे छठ व्रती है जो सिर्फ अपनी बेटियों के लिये वर्षों से छठ व्रत करते आ रही है। व्रतीयों मानना है कि भगवान ने जो दिया है वही हमारे लिये सबकुछ है। बेटे-बेटियों में कोई अंतर नहीं है बस अंतर है सोच में।

### किया गया दीपदान

इस मौके पर महिलाओं ने दीपदान भी किया। पानी की लहरों पर हिलोर लेते दीपक और टिमटिमाती रोशनी ने तालाबों को रंगीन बना दिया था। छठ पर्व पर ऐसा लग रहा था मानों पूर्वाचंल क्षेत्र यहां उतर आया हो। पूजा के दौरान सूपे में परंपरागत पकवान प्रसाद के रूप में रखा ही गया था साथ ही मौसमी फलों के साथ गन्ने को अनिवार्य रूप से पूजा में शामिल किया गया था। व्रति महिलाओं के सूपों पर चढ़ाया गया प्रसाद- छठ महापर्व में छ्ट घाट पर सभी व्रती महिलाओं के सुप पर श्रद्धालुओं ने फल चढ़ा सूर्य देव की उपासना की और आर्शीवाद लेकर पुत्र एवं परिवार की मंगलकामना की।

### पूजा के लिये घाट पड़ा छोटा

छठ़ पर्व करने वालों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है यही वजह है कि पटना के झूमरपारा तालाब में बने छठ़ घाट छोटा पड़ जा रहा है इस बार श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक थी कि खड़े होने की जगह नहीं थी। यहां तक कि व्रती महिलाओं के सुप-दौरा से ही सीढ़ी भर गया था यहां तक कि अर्ध्य देने के लिये व्रती महिलाओं तक परिवारजनों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### जिले में सभी जगह मना छठ महापर्व

कोरिया जिले में शहर से लेकर गांव तक छठ पर्व की धूम रही, चिरिमिरी, बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़, चरचा, खड़गवां, नागपुर, नई लेदरी, खोंगापानी, झगराखांड, भरतपुर में भी मनाया गया छठ महापर्व सभी जगहों पर छठ व्रतियों की भारी संख्या देखी गई।

### लगातार बढ़ रही है छठ व्रतियों की संख्या

छठ महापर्व की महिमा लगातार बढ़ रही है वहीं इसकी लोकप्रियता भी लगातार बढ़ रही है। क्षेत्र में अब गांव गांव में छठ व्रत करते श्रद्धालुओं को देखा जा सकता है।व्रत की लोकप्रियता का अंदाजा इसबात से भी लगाया जा सकता है कि जहां व्रतियों की संख्या बढ़ रही है वहीं व्रतियों की सेवा करने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

### पुलिस रही मुस्तैद

जिले में छठ घाटों पर पुलिस की मुस्तैदी देखी गई।भीड़ को नियंत्रित करने एवम जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा के मद्देनजर जिले का पुलिस महकमा अपनी जिम्मेदारी निभाते देखा गया। शाम एवम सुबह पुलिस के जवान छठ घाटों पर जिम्मेदारी निभाते देखे गए।

### व्रतियों के सहयोग से विजय सिंह परेश सिंह विगत सात वर्षों से करते आ रहें हैं छठ व्रतियों के लिए व्यवस्था

ग्राम पटना में बढ़ते छठ व्रतियों की संख्या को देखते हुए विगत सता वर्षों से पूर्व आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पटना के अध्यक्ष विजय सिंह व उप सरपंच पटना परेश सिंह छठ व्रतियों के सहयोग से ग्राम के झुमरपारा तालाब तट पर व्यवस्था करते चले आ रहें हैं। पटना में छठ व्रतियों के लिए झुमरपारा तालाब तट भी काफी प्रसिद्ध होता जा रहा है और श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही है।

### जनप्रतिनिधियों ने छठ घाट पहुंचकर श्रद्धालुओं से की मुलाकात, ग्रहण किया प्रसाद

जिले के प्रत्येक छठ घाट पर श्रद्धालुओं एवम व्रतियों से मिलने और प्रसाद ग्रहण करने जनप्रतिनिधियों को उपस्थित देखा गया। पूर्व मंत्री भइयालाल राजवाड़े भी प्रत्येक छठ घाट तक पहुंचे और श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की,इसी तरह जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी भी प्रत्येक छठ घाट तक पहुँचकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं प्रदान करते देखे गए।



# स्ट्रांग रूम में तत्काल सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने मांग



-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने जिला निर्वाचन अधिकारी, मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) को ज्ञापन सौंप कर स्ट्रांग रूम में तत्काल सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंप गए अपने ज्ञापन में उन्होंने उल्लेखित किया है कि स्ट्रांग रूम के चारो तरफ सी.सी. टी.व्ही. कैमरा लगाया जाए एवं स्ट्रांग रूम के मुख्य द्वार से पुलिस गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है, जो तत्काल बंद कराया जाए। इसके अतिरिक्त स्ट्रांग रूम कैम्पस में पुलिस के जवान के साथ गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा व्यवस्था में रखा जाए। स्ट्रांग रूम के बाउण्ड्रीवॉल में जो दरवाजा खोला गया है उसे तत्काल बंद कराया जाए तथा स्ट्रांग रूम के पीछे के दरवाजा को जो ईटों से जोड़ा गया है, उस पर प्लास्टर भी कराए जाने की मांग किया गया है।

# कोरिया एसपी त्रिलोक बंसल के नेतृत्व में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ कोरिया जिले का विधानसभा चुनाव

## रात भर खुद कोरिया पुलिस कप्तान रहे गस्ती में,कांग्रेस समर्थित कुछ गाड़ियों पर कार्यवाही भी की गई

### प्रत्याशियों को नहीं मिला शराब व अन्य सामग्री बांटने का मौका,सुपर कॉप प्रधान आरक्षक को विधानसभा से बाहर रखने पर सारे पुलिस कर्मियों ने किया अच्छे तरीके से काम

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लंबे समय के बाद यह देखा गया कि विधानसभा चुनाव में बिना शराब बांटें ही प्रत्याशियों को अपना मत मांगना पड़ा पैसे बांटकर लोगों को रिझाने की भी संभावनाओं पर पुलिस का कड़ा रुख अपनाती दिखी, जिस वजह से प्रत्याशी बाकी चुनाव की अपेक्षा इस चुनाव में मतदाताओं को मिलने वाले प्रमोभन को कई हद तक कोरिया जिले की पुलिस प्रशासन ने कम कर दिया, मतदाता अपने मताधिकार का फैसला सोच समझकर करे इसे लेकर जागरूकता फैलाई गई पर उनके तक प्रत्याशियों का प्रलोभन ना पहुंचे इसीलिए पुलिस प्रशासन कड़ी कार्यवाही करती दिखाई दी, रात गस्ती के दौरान पुलिस का प्रत्याशियों के प्रति कार्यकर्ताओं के प्रति कड़ा पहरा रहा जिस वजह से चुनाव के अंतिम दो दिनों में प्रत्याशियों के



किए कराए पर पुलिस ने पानी फेर दिया, पहली बार बिना शराब बांटे ही चुनाव संपन्न हुआ नहीं तो हर बार प्रत्याशियों के द्वारा शराब बटवाने का चलन आम हो चला था जो इस विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए ही लाभकारी रहा क्योंकि उनका ही खर्च बचा वही शराब के प्रोलोभन में लोगों का जो बहुमूल्य मत था वह भी खराब होता था अब लोगों ने भी सोच समझकर अपना मत दिया। शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करने को लेकर कोरिया पुलिस ने इस बार चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया। इस चुनाव में एक प्रधान आरक्षक की भूमिका अहम हो सकती थी जिसे सुपर कॉप के नाम से जाना जाता था उसे भी क्षेत्र से दूर रखकर इस चुनाव को संपन्न करना भी कहीं नहीं कहीं पुलिस के लिए सही फैसला रहा बताया जाता है कि सुपर कॉप प्रधान आरक्षक को विधानसभा के अंतिम छोर के जिले के अंतिम चेक पोस्ट में ड्यूटी लगाकर रखा गया था ताकि इस क्षेत्र में उनकी वजह से चुनाव में कोई अशांति ना पनप सके।

### प्रलोभन के इंतजार में कई जगह मतदाता भी निराश देखे गए

अक्सर कई क्षेत्र में मतदाता हर तरफ से प्रलोभन की मंशा में इंतजार में रहते थे इस बार पुलिस की मुस्तैदी से मतदाता भी कई जगह निराश नजर आए,पुलिस की मुस्तैदी से प्रलोभन जनता तक नहीं पहुंच सका। कुल मिलाकर पुलिस अधीक्षक ने अच्छी तरह से निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभाई।

### राजनीतिक दलों को शराब और पैसे सहित अन्य प्रलोभन बांट पाने से रोक पाई कोरिया पुलिस

इस बार पुलिस अधीक्षक कोरिया के कुशल नेतृत्व में कोरिया जिले में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सका। पहली बार देखा गया की जिले के अंतर्गत आने वाली दो विधानसभाओं में यह देखा गया की राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता शराब पैसे और अन्य प्रलोभन खुलकर नहीं बांट सके। पुलिस इस तरह मुस्तैद रही की नेताओं और राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं को कत्ल की रात की संज्ञा प्राप्त मतदान दिवस के एक दिन पूर्व रात में बंदिश में देखा गया। कुल मिलाकर दबी में कुछ प्रलोभन यदि बंट भी पाया तो वह अगल बगल में ही कार्यकर्ता बांट सके शेष प्रलोभन लोगों तक नहीं पहुंच सका।

### सुपर कॉप को जिला मुख्यालय से दूर रखना भी साबित कर गया पुलिस अधीक्षक की दूरदर्शिता को

पुलिस अधीक्षक की दूरदर्शिता एक मामले में और नजर आई विधानसभा निर्वाचन के दौरान,इस बार जिले के एक सुपर कॉप कहे जाने वाले प्रधान आरक्षक को पुलिस कप्तान कोरिया ने जिले के अंतिम छोर के चेक पोस्ट पर भेज दिया था,माना जा रहा था की सुपर कॉप चुनाव में अपना प्रभाव इस्तेमाल कर सकते हैं या उनकी शिकायत होगी इसलिए कप्तान ने दूरदर्शिता दिखाई और सुपर कॉप को जिले के अंतिम छोर पर पहले ही भेज दिया था।

### मतदान पूर्व रात में खुद पुलिस कप्तान करते रहे गस्ती, कांग्रेस प्रत्याशियों की कुछ गाड़ियों पर कार्यवाही भी की गई

इस बार के चुनाव में पुलिस कप्तान कोरिया काफी सक्रिय नजर आए मतदान पूर्व की रात वह खुद गस्ती करते रहे कुछ कांग्रेस प्रत्याशियों की गाड़ी पर उन्होंने खुद कार्यवाही की। वैसे चुनाव की कार्यवाहियों में ज्यादा कुछ होता नहीं है फिर भी पुलिस कप्तान ने पूरी मुस्तैदी से अपना फर्ज निभाया।

# बीजेपी में अभी-अभी शामिल हुए कांग्रेस पार्षद पति का कांग्रेस समर्थित लोगों को दी बड़ी चुनौती

## यदि कांग्रेस जीत गई तो कांग्रेसियों के मूत्र से मूंछ मुड़वाएंगे कांग्रेस पार्षद पति

-रवि सिंह-
एमसीबी,20 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।
मनेंद्रगढ़ विधानसभा में मतदान में बाद अब परिणाम को लेकर आंकलन जारी हो चुका है, वैसे तो प्रदेश के पूरे 90 विधानसभा में जीत हार के दावे आपस में किए जा रहे हैं जिसमें कोई भी दल खुद की हार नहीं मान रहा है खासकर प्रमुख राष्ट्रीय दो दलों के कार्यकर्ता हों या बड़े नेता कोई भी परिणाम अपने विपक्ष में नहीं बता रहा है, सबसे ज्यादा उत्साहित कार्यकर्ता हैं दलों के वैसे उनसे भी ज्यादा उत्साहित वह लोग हैं जिन्होंने ऐन चुनाव के पूर्व ही एक दल छोड़कर दूसरे दल में प्रवेश किया था ऐसे लोग ज्यादा उत्साहित हैं और सोशल मिडिया में इनकी पोस्ट यदि देखी जाए तो यह लोग ऐसे पोस्ट करते नजर आ रहे हैं जो अति आत्मविश्वास तो दर्शाता है और उनकी पोस्ट में यह भी नजर आता है की शब्द मर्यादा भी कहीं न कहीं भंग हो रही है। मनेंद्रगढ़ विधानसभा में ऐसी ही एक सोशल मीडिया पोस्ट चर्चा का विषय बना हुआ है जो एक ऐसे भाजपाई ने सोशल मिडिया पर डाला है जो की एक महीने पहले कहें या मनेंद्रगढ़ से कांग्रेस के वर्तमान विधायक का टिकट कटने का समय कहें तभी से वह भाजपाई हैं और उससे पहले वह कांग्रेसी ही थे वहीं उनकी धर्मपत्नी आज भी कांग्रेस से पार्षद हैं।

नए नए भाजपाई बने वह भी वर्तमान कांग्रेस विधायक के खास सिपहसालार रहे कांग्रेस पार्षद पति ने सोशल मीडिया में भाजपा प्रत्याशी की




जीत को लेकर अपने ही अंदाज में दावा किया है उन्होंने दावा बिल्कुल ऐसे अंदाज में किया है जिसके लिए वह जाने भी जाते हैं और जिसके कारण वर्तमान कांग्रेस विधायक भी कई बार सार्वजनिक रूप से उनसे ही माफी मंगवा चुके हैं। उक्त नए नए भाजपाई नेता ने सोशल मिडिया में मनेंद्रगढ़ विधानसभा के समस्त कांग्रेसियों को चुनौती दी है और लिखा है की यदि मनेंद्रगढ़ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत होती है भाजपा प्रत्याशी की हार होती है तो वह विधानसभा के कांग्रेसियों के मूत्र से परिणाम आने के बाद अपना मूंछ मुंडवाएंगे। उन्होंने इसके लिए यह भी सोशल मीडिया में लिखा है की सभी कांग्रेसी विधानसभा के इसके लिए अभी से अपने मूत्र शीशी में भरकर रख लें। कुल मिलाकर उन्होंने एक तरह से कांग्रेसियों को खुली चुनौती दी है। अब उनकी चुनौती को लेकर लोगों के बीच आम चर्चा है की जिस विश्वास से उन्होंने चुनौती दी है और जिस विश्वास से उन्होंने अपनी मूंछ दांव पर लगाई है कहीं न कहीं यह कहा जा सकता है की उन्हे भाजपा प्रत्याशी की जीत पर सबसे ज्यादा विश्वास है। वैसे उनकी धर्मपत्नी अभी भी पार्षद हैं वह भी कांग्रेस पार्टी की पार्षद ऐसे में उनका ऐसा दावा समझ से परे भी है। वैसे यह वही पुराने कांग्रेसी हैं वही वर्तमान विधायक समर्थक हैं जिन्होंने कई बार वर्तमान विधायक को कई जगह अपनी सोशल मीडिया पोस्ट और अपनी कई हरकतों की वजह से शर्मशार कर चुके हैं।

## निगम पार्षद नरेंद्र देवांगन ने मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का जताया आभार



-संवाददाता-
कोरबा,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।
कोरबा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्व महापौर लखन लाल देवांगन को मिले मतदाताओं का अपार जनसमर्थन और भारतीय जनता पार्टी के एक-एक मेहनतकश कार्यकर्ताओं के के प्रति भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री कोरबा नगर निगम के पार्षद नरेंद्र देवांगन ने हृदय की गहराई से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि धनबल एवं जनबल की लड़ाई में कोरबा विधानसभा की जनता जनबल का समर्थन करते हुए भरपूर सहयोग प्रदान किया इसके लिए मैं सबको दिल से प्रणाम करता हूं। भारतीय जनता पार्टी के ऊर्जावान साथियों ने जिस तरह से साथ दिया उसके लिए भी मैं नमन करता हूं। जनता से किए वादे को पूरा करने के लिए हम पूरी तरह कटिबद्ध रहेंगे। सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों एवं जनता जनार्दन कोरबा विधानसभा के मतदाताओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं।

## दीपावली,मतदान और छठ के बाद खलिहान की ओर लौटे किसान

### जिले में धान की पैदावार बम्पर होने की संभावना,धान खरीदी 1 नवम्बर से है प्रारंभ






-संवाददाता-
कोरिया,20 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।
जिले के अन्नदाता अब दीपावली, मतदान और छठ पूजा के बाद खेत-खलिहान की ओर लौट रहे हैं ताकि वे अपने फसल की कटाई मिंजाई के बाद धान को बेच सकें। दीपावली के पहले 1 नम्बर से जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारम्भ हो गया है। जानकारी मुताबिक इस वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 282 है जबकि धान बोए गए रकबा लगभग 29 हजार 771 हेक्टेयर है, वहीं धान खरीदी के लिए 22 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। बता दें दीपावली, मतदान एवं छठ पूजा के बाद जिले के किसान बड़ी संख्या में खेत- खलिहान में दिखाई दे रहे है और अपने उपजाए लहलहाती फसलों को काटने व मिंजाई में लगे हुए हैं सबंधित विभाग द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए बिजली, पानी एवं शेड की समुचित व्यवस्था करने की जानकारी दी है। किसानों के लिए 5 हजार 683 बारदाना गठान का लक्ष्य रखा है।

जानकारी के मुताबिक जिले में इस वर्ष धान का उत्पादन बम्पर मात्रा में होने की अनुमान है। विगत वर्ष 94 हजार मेट्रिक टन धान खरीदी की गई थी, जबकि इस वर्ष 1 लाख 13 हजार 666 मेट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है और विगत 20 दिनों में करीब 115 मेट्रिक टन धान खरीदी की गई है। 17 नवम्बर को जिले में मतदान सम्पन्न होने के बाद क्रिकेट प्रेमी विश्वकप व मतगणना को लेकर मशगूल रहे। चौक-चौराहे, चाय-पान दुकान में सिर्फ विश्व कप क्रिकेट, मतगणना तथा प्रत्याशियों के भाग्य को लेकर अनुमान के गणित बनाए जा रहे है। फिलहाल विश्वकप क्रिकेट की खुमारी उतर चुका है जबकि विश्व कप की ताज ऑस्ट्रेलिया ने हासिल कर लिया है। अब 3 नवम्बर को होने वाले मतगणना 12 दिन बचे हैं। स्ट्राँगरूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ ईवीएम मशीन को रखा गया है। मतगणना के लिए प्रशिक्षण व बैठक की तैयारिया जोरो पर है। ऐसे में परिणाम आते ही साफ हो जाएगा कि अनुमान की गणित सही था कि जोड़-घाटाना-गुणा- भाग करने में कहां चूक हुई।

## स्व.श्रीमती इंदिरा गांधी की 106 वीं जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया

-संवाददाता-
कोरबा,20 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।
भारत की पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी की 106वीं जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में आयोजित की गई।इस मौके पर स्व. इंदिरा जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि श्रीमती इंदिरा गांधी जी के दृढ़ निश्चय, साहसपूर्ण पहल और देशहित में सर्वोच्च त्याग एवं बलिदान के लिए उन्हें याद किया जाएगा। उनके द्वारा प्रारम्भ किया गया 20 सूत्रीय कार्यक्रम का मुख्य ध्येय गरीब वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में सुधार अत्यंत जनहितकारी पहल साबित हुआ।जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी जी द्वारा देश की सर्वांगीण उन्नति, विकास, खुशहाली और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए उन आदर्शो की रक्षा के लिए तथा दुनिया में भारत को गौरवपूर्ण स्थान दिलाने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा दी। इन्ही आदर्शो पर



हमारे गणतंत्र की एकता एवं अखण्डता टिकी हुई है। जिला कांग्रेस के कार्यकारिणी सदस्य रामकृष्ण साहू ने कहा कि विश्व भर में लौह महिला कहलाई जाने वाली, दृढ निश्चय, साहस व अद्भुत क्षमता वाली, भारत की प्रथम व एक मात्र महिला प्रधानमंत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन, अपनी प्रतिभा व राजनीतिक दृढ़ता के लिए विश्वराजनीति के इतिहास में इंदिरा जी का नाम सदैव याद रखा जाएगा। जिला कांग्रेस कार्यालय महामंत्री एवं प्रवक्ता सुरेश कुमार अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंदिरा गांधी बीसवीं सदी के महानतम नेताओं में से थी उन्होंने संकटपूर्ण स्थितियों में देश का सफल नेतृत्व करके साहसी कदम उठाये। उन्होने कहा कि इंदिरा जी के योगदान को उद्बोधन के माध्यम से बता पाना संभव नहीं है। इस मौके पर त्रिवेणी मिरी, लखन साहू, बंशी बरेठ, योगेन्द्र श्रीवास, भुवन यादव ने भी प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी को याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर इंदिरा जी की तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया।

## कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिलेवासियों का किया आभार

### लोकतंत्र के इस महाकुंभ में साक्षी बनने के लिए सभी को किया दिल से शुक्रिया

-संवाददाता-
कोरिया,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



हम लोग लगातार विगत तीन महीनों से निर्वाचन कार्यों के तैयारियों में जुटे रहे। भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देश पर काम करते रहे। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मतदान उपरांत यह बात साझा की। श्री लंगेह ने कहा कि कोरिया जितना प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाने जाते हैं, तो कोरियावसी बेहद जागरूक, सहयोगी और मेहनतकश के रूप में भी इनकी पहचान है। श्री लंगेह ने कहा कि 9 अक्टूबर 2023 से जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिए आचार संहिता लागू हुई और दूसरे चरण के मतदान के तहत कल 17 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुए हैं। उन्होंने जानकारी साझा करते हुए कहा कि बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन के लिए 228 मतदान केंद्र व सोनहत विकासखण्ड में 78 मतदान केंद्र बनाए गए थे। बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन के तहत 81.79 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें पुरूष मतदाताओं ने 82.13 प्रतिशत, महिला मतदाताओं ने 81.44 प्रतिशत व थर्ड जेंडर मतदाताओं ने 60 प्रतिशत मतदान की है तो दूसरी ओर शेहराडांड, रावला व कांटो जैसे दूरस्थ वनांचल मतदान केन्द्रों में शतप्रतिशत मतदान सम्पन्न हुए। श्री लंगेह ने कहा कि कोरियावासियो के सहयोग से ही जिले में मतदान बेहद शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सभी मतदाताओं से कहा कि लोकतंत्र के इस महाकुम्भ में साक्षी बने, इसके लिए बधाई दिए व आभार व्यक्त किया। श्री लंगेह ने निर्वाचन कार्य में जुटे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, पुलिस कर्मियों, मीडिया व पत्रकारों को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से भरपूर सहयोग प्रदान किए इसके लिए आभार किया । उन्होंने दिव्यांग व महिला अधिकारियों, कर्मचारियों को विशेष बधाई व आभार व्यक्त की जिन्होंने विषम परिस्थितियों के बावजूद इस महत्वपूर्ण कार्य मे सहभागी बने। श्री लंगेह ने जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्वाचन से सम्बंधित जानकारियों को मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने में बहुत बड़ा योगदान बताया। श्री लंगेह ने कहा कि राज्य व राष्ट्रीयस्तर तक जिले की सकारात्मक खबरें, मानवीय पक्षों व जनसरोकार पत्रकारिता के तहत पल-पल की जानकारियां को बेहद रोचक तरीके से प्रसारित कराने के लिए आभार व्यक्त किया और बधाई दी । श्री लंगेह ने कहा कि सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से आग्रह करते हुए कहा कि भविष्य में भी जिला प्रशासन व निर्वाचन आयोग को इसी टीम भावना के साथ सहयोग करें।

## जिले में धान की खरीदी लगातार जारी



**बलरामपुर,20 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 01 नवम्बर 2023 से प्रारंभ हो गया है। किसानों से धान की खरीदी करने के लिए 49 सहकारी समितियों के अंतर्गत 49 धान उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। चालू सीजन में धान बेचने के लिए 48259 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इसी तारतम्य में जिले में अब तक 4 समितियों में 14 किसानों से कुल 861.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जिसमें धान खरीदी केन्द्र चांदो में 40 क्विंटल, बरदर में 624.80, बरियों में 119.20 तथा विजयनगर में 77.60 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया है कि सुचारू रूप से धान खरीदी करने हेतु धान उपार्जन केन्द्रों में साफ-सफाई, फेसिंग की व्यवस्था, विद्युत, जनरेटर, कंप्यूटर सेट, बारदाने, आद्रता मापी यंत्र, तौल-बाट की व्यवस्था की गई है।

## भक्तों द्वारा उगते सूर्य को दिए गए अर्घ्य के साथ ही छठ पर्व का हुआ समापन

-संवाददाता-
कोरबा,20 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।
नहाय खाय से शुरू हुए आस्था के महापर्व छठ पूजा का चौथे दिन उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया । चौथे दिन यानी सप्तमी तिथि छठ महापर्व का अंतिम दिन होता है । इस दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और इसी के साथ छठ महापर्व का समापन हो जाता है । छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है । इसके बाद दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन को ऊषा अर्घ्य के नाम से जाना जाता है ।

जिले में छठ पर्व को बड़े ही धूमधाम



से मनाया गया । मुख्यतः इस पर्व में महिलाओं द्वारा छठ का व्रत संतान की लंबी उम्र और उनके खुशहाल जीवन के लिए रखा जाता है । छठ का यह पर्व 17 नवंबर 2023 नहाय खाय से शुरू हुआ था और आज 20 नवंबर 2023 को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने की विधि के साथ पूर्ण रूप से संपन्न हुआ। चार दिनों के चलने वाले इस पर्व में व्रती महिलाओं ने खरना के बाद से व्रत का संकल्प लिया था। यह व्रत कुल 36 घंटे किया गया। बता दें कि, यह व्रत निर्जला रखा जाता है। आज इस व्रत का पारण कर महिलाओं ने छठ के प्रसाद के साथ अन्न-जल को ग्रहण किया। ऐसी मान्यता है कि जो एक बार छठ की पूजा शुरू करता है, उसे तब तक करना पड़ता है, जब तक दूसरी पीढ़ी से कोई व्रत को न उठाए।

# आईसीसी की विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में छह भारतीय

» अब आईसीसी ने टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। जिसमें उसने रोहित शर्मा को कप्तान बनाया है जबकि 6 अन्य भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया है। वहीं, विजेता ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ दो खिलाड़ियों को चुना गया है।

» रोहित को बनाया गया कप्तान




**नई दिल्ली,20 नवम्बर 2023।** वर्ल्ड कप खत्म हो चुका है। अब आईसीसी ने टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। जिसमें उसने रोहित शर्मा को कप्तान बनाया है जबकि 6 अन्य भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया है। वहीं, विजेता ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ दो खिलाड़ियों को चुना गया है। दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के एक-एक खिलाड़ी इस टीम में अपनी जगह बना पाए हैं। पाकिस्तान, इंग्लैंड, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड के किसी खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है।

भारत को रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा जिसने अपना छठा विश्व कप खिताब जीता। रोहित ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान आक्रामक और निडर बल्लेबाजी की जिसके लिए उनकी काफी सराहना हुई। भारतीय कप्तान 11 मैच में एक शतक और तीन अर्धशतक से 54.27 के औसत से 597 रन बनाकर कोहली के बाद टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। किसी एक विश्व कप में 700 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने कोहली ने तीन शतक और छह अर्धशतक से 765 रन बनाए।

आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, ''पुरुष क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ चार खिलाड़ियों ने विश्व कप में शमी के 55 विकेट से अधिक विकेट चटकाए हैं जो लसिथ मलिंगा (56), मिशेल स्टार्क (65), मुथैया मुरलीधरन (68) और ग्लेन मैकग्रा (71) हैं लेकिन शमी ने ये विकेट अपने से आगे मौजूद खिलाड़ियों से 10 कम मैचों में चटकाए हैं।'' विश्व कप में 11 मैच में 18.65 के औसत से 20 विकेट के साथ चौथे सबसे सफल गेंदबाज रहे भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को भी आईसीसी एकादश में जगह मिली है।

आईसीसी ने कहा, ''टूर्नामेंट में एक से अधिक मैच खेलने वाला कोई भी गेंदबाज बुमराह की 4.06 की इकोनॉमी रेट से बेहतर गेंदबाजी नहीं कर पाया- यह आंकड़ा इसलिए भी बेजोड़ है क्योंकि वह काफी बार उस समय गेंदबाजी करते हैं जब क्षेत्ररक्षण की सीमाएं लागू होती हैं।'' ऑलराउंडर के रूप में भारत के रविंद्र जडेजा और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल को टीम में जगह मिली है।

आईसीसी ने कहा, ''भारत के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और लगातार किफायती गेंदबाजी की।'' विश्व कप समाप्त होने के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप को अलविदा कहने वाले दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक को दो सलामी बल्लेबाजों में से एक के रूप में टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार शतक जड़े।

चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल को मिली है जो भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ दबदबा बनाने वाले एकमात्र गेंदबाज रहे। उन्होंने लीग चरण और फिर सेमीफाइनल दोनों मुकाबलों में भारत के खिलाफ शतक जड़ा। मिशेल दो शतक और इतने ही अर्धशतक से 10 मैच में 552 रन बनाकर टूर्नामेंट के पांचवें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे। श्रीलंका का विश्व कप अभियान निराशाजनक रहा लेकिन उसके युवा गेंदबाज दिलशान मदुशंका नौ मैच में 21 विकेट के साथ टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रहे। विश्व कप के 11 मैच में 23 विकेट के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जंपा को भी एकादश में जगह मिली है जबकि दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएट्ज़ी 12वें खिलाड़ी होंगे।

आईसीसी की टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, विराट कोहली, डेरिल मिशेल, लोकेश राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, एडम जंपा और दिलशान मदुशंका।

12वां खिलाड़ीः गेराल्ड कोएट्ज़ी।



## भारतीय कप्तान सविता की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर बनने पर

**नई दिल्ली,20 नवम्बर 2023।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हासिल करने पर टिकी हैं। उन्हें फिर से एफआईएच हॉकी स्टार अवार्ड्स के लिए नामांकित किया गया है।

सविता को इससे पहले 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला था। उन्होंने कहा,''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्ष यह पुरस्कार हासिल करूंगी और मुझे फिर से नामित किया जाएगा। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। यह मेरे लिए, मेरे परिवार के लिए और मेरे साथियों के लिए गौरवशाली क्षण है।''सविता ने कहा,''जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने सोचा भी नहीं था कि मैं इतने आगे तक जाऊंगी। टीम खेल में कोई भी उपलब्धि व्यक्तिगत प्रयासों पर नहीं बल्कि टीमवर्क पर आधारित होती है। जब आपकी कड़ी मेहनत को मान्यता मिलती है तो इससे अच्छा लगता है और इससे पूरी टीम प्रेरित होती है।

## ट्रैविस हेड दुर्लभ विश्व कप उपलब्धि हासिल करने के लिए मोहिंदर अमरनाथ शेन वार्न की विशिष्ट कंपनी में शामिल हो गए



**नई दिल्ली,20 नवम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड क्रिकेट के महान खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, क्योंकि वह टूर्नामेंट के इतिहास में सेमीफाइनल के साथ-साथ विश्व कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं।

हेड ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल में सितारों से सजी भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ बैगी ग्रीन्स के लिए 137 रन बनाकर सनसनीखेज बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। बल्ले से उनका प्रयास मैन ऑफ द मैच पुरस्कार अर्जित करने के लिए पर्याप्त था।

सेमीफाइनल में भी, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने न केवल बल्ले से योगदान दिया, बल्कि दो विकेट भी लिए और 5 ओवर में 21 रन दिए।

उनसे पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ ऐतिहासिक 1983 विश्व कप के दौरान यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।श्रीलंका के असाधारण क्रिकेटर अरविंद डी सिल्वा 13 साल बाद 1996 विश्व कप में सेमीफाइनल और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच जीतने के लिए अमरनाथ के साथ शामिल हुए।

अंत में, ऑस्ट्रेलिया की 1999 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान स्पिनर शेन वार्न भी इस सूची में शामिल हैं।

हेड के अभूतपूर्व प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने में सफल रहा। भारत 50 ओवर में 240 के स्कोर पर ढेर हो गया. कठिन बल्लेबाजी सतह पर, कप्तान रोहित शर्मा (31 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 47), विराट कोहली (63 गेंदों में 54, चार चौकों के साथ) और केएल राहुल (107 गेंदों में 66, एक चौके के साथ) ने महत्वपूर्ण पोस्ट किए। दस्तक देता है. आस्ट्रेलिया के लिए मिशेल स्टार्क (3/55) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। कप्तान पैट कमिंस (2/34) और जोश हेज़लवुड (2/60) ने भी अच्छी गेंदबाजी की। एडम ज़म्पा और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक विकेट मिला।

241 रनों का पीछा करते हुए भारत ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को 47/3 पर ढेर कर दिया था। ट्रैविस हेड (120 गेंदों में 15 चौकों और चार छक्कों की मदद से 137 रन) और मार्नस लाबुस्चगने (110 गेंदों में 58, चार चौकों की मदद से) की पारियों ने भारतीय टीम को कोई जवाब नहीं दिया और उन्हें छह विकेट से जीत दिलाई।

विश्व कप फाइनलिस्ट अब पांच मैचों की टी20 सीरीज में प्रतिस्पर्धा करेंगे जो गुरुवार से विशाखापत्तनम में शुरू होगी।

## जोकोविच ने रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स का खिताब जीता

**सिडनी,20 नवम्बर 2023।** नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यानिक सिनर को सीधे सेटों में हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने एक घंटा 43 मिनट तक चले मैच में स्थानीय खिलाड़ी सिनर को 6-3, 6-3 से हराकर 36 वर्ष की उम्र में नई उपलब्धि हासिल की।

इस तरह से साल की शुरुआत रिकॉर्ड से करने वाले जोकोविच ने साल का अंत भी नया रिकॉर्ड बनाकर किया। उन्होंने 2023 के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड दसवां खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत हासिल करके




23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर राफेल नडाल के रिकॉर्ड को तोड़ा था।

जोकोविच को विंबलडन के फाइनल में कार्लोस अल्कराज़ से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उन्होंने अमेरिकी ओपन में खिताब जीता। जोकोविच ने कहा,''इसमें कोई संदेह नहीं कि मेरी जिंदगी का यह सर्वश्रेष्ठ सत्र रहा।इस सप्ताह शानदार प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ी यानिक के खिलाफ जीत दर्ज करके खिताब हासिल करना शानदार रहा।'' एटीपी फाइनल्स में इससे पहले सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से जोकोविच और रोजर फेडरर के नाम दर्ज था।

## सर्बिया ने बुल्गारिया पर 2-2 से ड्रा के साथ यूरो 2024 के लिए किया क्वॉलीफाई

**लेस्कोवैक,20 नवम्बर 2023।** सर्बिया ने बुल्गारिया के साथ 2-2 से ड्रा खेलकर यूरो 2024 के लिए अपना टिकट बुक करने के बाद यूईएफए यूरोपीय चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपने 24 साल के इंतजार को समाप्त कर दिया, जिस रात बेल्जियम के स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकु ने



एक नया यूरोपीय क्वालीफायर गोल स्कोरिंग रिकॉर्ड स्थापित किया। सर्बिया ने 2000 के बाद अपने पहले यूरो फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए आवश्यक अंक हासिल कर लिया। नेमांजा गुडेलज के हेडर के क्रॉसबार से टकराने के बाद मिलोस वेल्जकोविक ने करीब से सिर हिलाकर मेजबान टीम को पहले हाफ में आगे कर दिया। पुनरारंभ के बाद आगंतुकों में सुधार हुआ और जॉर्जी रुसेव की क्रिस्प लो ड्राइव के सौजन्य से समता बहाल हुई, इससे पहले किरिल डेस्पोडोव ने एक अच्छी तरह से किए गए पलटवार के बाद टर्नअराउंड पूरा किया।

ड्रेगन स्टोजकोविक की टीम ने आठ मिनट शेष रहते हुए बराबरी कर ली, सर्डन बेबिक ने डुसान टैडिक कॉर्नर पर गोल करके बुल्गारिया को ग्रुप जी में पहली जीत से वंचित कर दिया।अन्य मैच में, रोमेलु लुकाकु के पहले हाफ के 21 मिनट के अंतराल में चार गोल करने से बेल्जियम को ग्रुप एफ में दस सदस्यीय अजरबैजान के खिलाफ शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद मिली।

## वेरस्टैपेन ने उद्घाटन एफ 1 लास वेगास ग्रांड प्रिक्स जीता

**लास वेगास,20 नवम्बर 2023।** रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन ने टीम के साथी सर्जियो पेरेज़ को पीछे छोड़ दिया, दो बार फेरारी के चार्ल्स लेक्लर को पीछे छोड़ दिया, और एक मनोरंजक लास वेगास ग्रैंड प्रिक्स जीतने के लिए टाइम पेनल्टी और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल के साथ टकराव से बच गए।

ग्रिड पर दूसरे स्थान से शुरुआत करते हुए, वेरस्टैपेन ने टर्न 1 पर लेक्लर को पार कर लिया, लेकिन फेरारी को ट्रैक से बाहर करने के लिए मजबूर करने के कारण पांच सेकंड के दंड के साथ थप्पड़ मारा गया, क्योंकि ड्राइवर लास वेगास की ठंडी परिस्थितियों में कम पकड़ के साथ संघर्ष कर रहे थे। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शाम। ऐसा प्रतीत होता है कि वेरस्टैपेन के टायरों में लेक्लर के टायरों की तुलना में तेज गति से दाने आ रहे थे, जिन्होंने लैप 16 पर बढ़त वापस ले ली, जिससे रेड बुल को ताजा रबर के लिए गड्ढों में गोता लगाने के लिए प्रेरित किया गया। अपने पिट स्टॉप के बाद मैदान के माध्यम से अपना रास्ता बनाते हुए, वेरस्टैपेन ने लैप 25 पर चौथे स्थान के लिए रसेल के अंदर गोता लगाया, लेकिन ब्रिटिश ने डचमैन को नहीं देखा और अंदर चला गया, जिससे वेरस्टैपेन के फ्रंट विंग को नुकसान पहुंचा और अनुमति देने के लिए सेफ्टी कार की तैनाती को मजबूर होना पड़ा। परिणामी मलबे को हटाने के लिए मार्शल।

जबकि लेक्लर बाहर रहे, अधिकांश अग्रणी धावकों ने नए टायर खरीदने का फैसला किया, जिसमें बड़े विजेता सर्जियो पेरेज़ थे, जो 11वें स्थान से शुरुआत करने के बाद दूसरे स्थान पर पहुंचे और लैंडो को हराने के लिए वर्चुअल सेफ्टी कार अवधि के दौरान शुरुआती गड्ढे बंद कर दिए। नॉरिस ने मैकलेरन को त्रस्त कर दिया।

हालांकि लेक्लर की उच्च शीर्ष गति ने पेरेज़ के लिए आगे निकलना मुश्किल बना दिया, मैक्सिकन ने इसे लैप 32 पर पार कर लिया, लेकिन दूर जाने में असमर्थ दिखाई दिया, और मोनेगास्क ने केवल तीन लैप के बाद फिर से बढ़त हासिल कर ली।

ऐसा प्रतीत हुआ कि पेरेज़ का थोड़ा बड़ा रियर विंग उनकी पूरी गति पर भारी पड़ रहा था, और यह महंगा साबित हुआ क्योंकि वेरस्टैपेन ने इसे अगले लैप पर दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया,




और डचमैन ने 50 में से लैप 37 पर बढ़त लेने के लिए लेक्लर का त्वरित काम किया, जिसके बाद उसका नेतृत्व कभी नहीं किया गया। पेरेज़ अंततः लैप 43 पर लेक्लर से आगे निकल गए, लेकिन जब ऐसा लगा कि रेड बुल 1-2 से आगे है, तो लेक्लर ने अंतिम लैप पर दूसरा स्थान हासिल करने के लिए मैक्सिकन के अंदर गोता लगाया।

÷यह एक कठिन था। मैंने शुरुआत में इसके लिए जाने की कोशिश की। हम [स्वयं और लेक्लर] दोनों ने काफी देर से ब्रेक लगाया और मैं बस पकड़ से बाहर हो गया, इसलिए हम थोड़ा चौड़ा हो गए,÷ वेरस्टैपेन ने बाद में कहा।

÷कर्मचारियों ने इसके लिए मुझे दंड दिया और इससे हम बैकफुट पर आ गए। मुझे कई कारों को पार करना था और वहां सेफ्टी कार थी, इसलिए उस समय बहुत कुछ चल रहा था।

÷फिर हम सीधे बाहर चले गए। मुझे उनके साथ लड़ाई में शामिल होने के लिए कुछ कारों से गुजरना पड़ा। यहां का डीआरएस बहुत शक्तिशाली था। यहां तक कि जब आप बढ़त ले लेंगे, अगर पीछे वाला व्यक्ति डीआरएस में रहेगा, तब भी वह आपके पास वापस आने का अवसर है, इसलिए इसने आज बहुत अच्छी रेसिंग बनाई। निश्चित रूप से बहुत मज़ा आया।÷

शीर्ष तीन के पीछे, एस्टेबन ओकन ने लांस स्ट्रोक के एस्टन मार्टिन और लेक्लर के टीम के साथी कार्लोस सैन्ज़ से आगे, अल्पाइन के लिए मजबूत चौथा स्थान हासिल किया।

लुईस हैमिल्टन और जॉर्ज रसेल मर्सिडीज के लिए खराब दिन पर सातवें और आठवें स्थान पर रहे, स्ट्रोक के टीम के साथी फर्नांडो अलोंसो ने लैप 1 पर स्पिन के बाद नौवां स्थान हासिल किया, और ऑस्कर पियास्त्री ने अपने मैकलेरन में शीर्ष दस में जगह बनाई, साथ ही सबसे तेज लैप के लिए बोनस अंक भी लिया। .

पियास्त्री की टीम के साथी लैंडो नॉरिस लैप 3 पर तेज गति से बाधाओं में घूमते हुए जल्दी ही हताहत हो गए। युकी त्सुनोदा और निको हुलकेनबर्ग अन्य दो ड्राइवर थे जो चेकर वाले झंडे को देखने में असफल रहे।

2023 की अपनी 18वीं जीत के बाद, वेरस्टैपेन के लगातार बढ़ते रिकॉर्ड अंक अब 549 हो गए हैं। पेरेज़ ने 273 अंकों के साथ स्टैंडिंग में खुद को दूसरा स्थान सुनिश्चित कर लिया है। कंस्ट्रक्टर्स स्टैंडिंग में, रेड बुल का 1-2 उन्हें 822 अंक पर रखता है। हालाँकि, दूसरे स्थान के लिए लड़ाई कांटे की बनी हुई है, मर्सिडीज़ फेरारी से 392 अंकों से 388 अंकों से आगे है।

2023 एफ 1 विश्व चैम्पियनशिप का 22वां और अंतिम दौर अगले सप्ताहांत में यास मरीना सर्किट में अबू धाबी ग्रांड प्रिक्स है।

## तेलुगु की पहली प्रश्नवाचक फिल्म द ट्रेल 24 नवंबर से सिनेमाघरों में दर्शकों को लुभाने के लिए है तैयार

द ट्रेल एक अभूतपूर्व तेलुगु फिल्म है, जिसने उद्योग की पहली पूछताछ फिल्म के रूप में एक नया मानक स्थापित किया है। एसएस फिल्म्स और कॉमन मैन प्रोडक्शंस द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, फिल्म का कुशल निर्देशन राम गन्नी द्वारा किया गया है, जिसमें स्पंदना पल्ली, युग राम और वामसी कोटू प्रमुख भूमिकाओं में हैं।




फिल्म के निर्माता, स्मृति सागी और श्रीनिवास नायडू किलाडा, सह-निर्माता सुदर्शन रेड्डी के साथ, ने इस अद्वितीय सिनेमाई अनुभव को जीवन में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरवना वासुदेवन ने इस फिल्म के लिए संगीत तैयार किया जबकि साई कुमार दारा ने कैमरा संभाला।फिल्म यूनिट द्वारा जारी फर्स्ट लुक पोस्टर और टीज़र ने पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी है और व्यापक दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है और लोग रिलीज की तारीख का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब, द ट्रेल की बहुप्रतीक्षित रिलीज़ डेट तय हो गई है। ट्रेल 24 नवंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी और उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।विशेष रूप से, स्पंदना पल्ली, जो फिल्मों और वेब श्रृंखलाओं में फैले एक पोर्टफोलियो के साथ एक अनुभवी अभिनेता हैं, एक प्रमुख भूमिका निभाती हैं, जबकि युग राम, जो पहले कनाबुदुता लेडु में मुख्य भूमिका के रूप में चमके थे, कलाकारों में गहराई जोड़ते हैं। दिलचस्प बात यह है कि टीज़र उनके किरदार से जुड़े रहस्य का संकेत देता है। वामसी कोटू, यूट्यूब की दुनिया का एक जाना-पहचाना चेहरा, एक पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका में एक सम्मोहक गतिशीलता का परिचय देता है। फिल्म का निर्देशक, एक पूर्व पुलिस अधिकारी, एक अद्वितीय परिप्रेक्ष्य का वादा करता है, जो संभावित रूप से कहानी में वास्तविक दुनिया के परीक्षण की जटिलताओं को बुनता है। इन तत्वों के साथ, द ट्रेल अपराध थ्रिलर शैली में स्थायी सफलता का वादा करता है। तो, 24 नवंबर को द ट्रेल की भव्य रिलीज के लिए अपने कैलेंडर को चिह्नित करें, एक सिनेमाई अनुभव जो तेलुगु सिनेमा को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। इसे सिनेमाघरों में देखना न भूलें।

## ब्लैक एंड व्हाइट हो या कलर्ड हर लुक में सुरभि चंदना लगती हैं जबरदस्त...



नागिन फेम सुरभि चंदना आए दिन अपनी खूबसूरती से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को देखकर मदहोश हो जाते हैं। हालिया फोटोशूट में उनका ड्रेसिंग सेंस देखकर एक बार फिर से फैंस उनकी सिजलिंग अदाओं के कायल हो गए हैं। अपने फैशन स्टेटमेंट्स और हॉटनेस से लोगों के बीच लाइमलाइट लूटने वाली एक्ट्रेस सुरभि चंदना किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग और लुक्स दोनों से ही लोगों को अपने हुस्न का दीवाना बनाया हुआ है। ये ही नहीं वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर तारीफ करते हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। सुरभि चंदना ने अपनी लेटेस्ट फोटोज में ब्लैक कलर का कोट और पैंट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी शानदार लुक्स देती हुई दिखाई दे रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन अपनी हॉटनेस भरी अदाओं से सोशल मीडिया पर कहर ढाती रहती हैं। बालों को कर्ली लुक में स्टाइल और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने इस लुक पर चार चांद लगा दिए हैं। एथनिक हो या फिर वेस्टर्न सुरभि चंदना अपने हर लुक से बवाल मचाती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस को आहें भरने पर मजबूर कर देता है।




## उन्नी मुकुंदन-महिमा नांबियार अभिनीत फिल्म जयगणेश का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

उन्नी मुकुंदन की भूमिका को उनकी सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक माना जाता है, यह एक रोमांचक पृष्ठभूमि वाली पारिवारिक मनोरंजन फिल्म है जो बच्चों और वयस्कों दोनों को पसंद आएगी। फिल्म, जो वर्तमान में निर्माणाधीन है, रंजीत शंकर की ड्रीम्स एन बियॉन्ड प्रोडक्शंस और उन्नी मुकुंदन फिल्म्स के बीच एक सहयोग है।

महिमा नांबियार ने मुख्य भूमिका निभाई है, और जोमोल एक अंतराल के बाद एक आपराधिक वकील के रूप में एक विशेष भूमिका निभाते हैं। कलाकारों में हरीश पेराडी, अशोकन, रवींद्र विजय, नंदू आदि भी शामिल हैं।

एर्नाकुलम के आसपास के इलाकों में फिल्मांकन चल रहा है, मलिकापुरम के बाद जय गणेश उन्नी की अगली मलयालम फिल्म बन रही है। दल में छायाकार चंद्रू सेल्वराज, संपादक संगीत प्रताप, संगीतकार शंकर शर्मा और अन्य जैसी उल्लेखनीय प्रतिभाएँ शामिल हैं।

CMYK

## कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सेलजा की समीक्षा बैठक पर बीजेपी नेता बृजमोहन अग्रवाल ने कसा तंज

# भूपेश बघेल को हार का हो गया है आभास

» **कांग्रेसी अपनी हार की समीक्षा और बहाना ढूंढ़ रहे हैं...**



**रायपुर,20 नवम्बर 2023 (ए)।** पहले और दूसरे चरण के चुनाव के बाद समीक्षा का दौर जारी है। ऐसे में कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सेलजा समीक्षा बैठकें कर रहीं है। इस पर रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन ने कहा वे हार की समीक्षा और बहाना ढूंढ़ रहे हैं।

पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने विधायकों के साथ समीक्षा बैठक ली थी। जिसमें चुनावी परिणामों से लेकर तमाम अहम मुद्दों पर बातचीत की गई है।

इसी को लेकर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, कांग्रेस अपनी हार की समीक्षा कर रही है। उनकी विदाई जनता ने तय कर दी है, इसलिए अपनी विदाई और हार की समीक्षा की जा रही है।

### भूपेश धूल झोंकने का कर रहे काम:बृजमोहन

सीएम भूपेश बघेल ने 75 पार सीट लाने का दावा किया था। इसी पर पूर्व मंत्री बृजमोहन ने कहा कि, आश्वस्त कोई नहीं है, सभी की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी तो कुछ बोल ही नहीं रहे हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने चुटकी लेते हुए कहा- महादेव घाट में छठ के कार्यक्रम में जो मुख्यमंत्री की बॉडी लैंग्वेज और दबा हुआ बोल था। इस बात से उनको आभास हो गया है कि, कांग्रेस जाने वाली है और बीजेपी आने वाली है

### सर्वे रिपोर्ट नहीं पार्टी कार्यकर्ताओं का आंकलन

भाजपा की सभी 90 विधानसभाओं की सर्वे रिपोर्ट पर विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि, यह सर्वे रिपोर्ट कार्ड नहीं, कार्यकर्ताओं के बातचीत के माध्यम से आंकलन करना है। इसी आंकलन से बीजेपी की सरकार बनना तय है।



## शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से

**रायपुर,20 नवम्बर 2023(ए)।** विधानसभा चुनावों के नतीजे तीन दिसंबर को आएंगे और इसके ठीक अगले दिन से शीतकालीन सत्र शुरू होगा। छत्तीसगढ़ में नए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट प्रस्तावों पर विभागाध्यक्ष स्तरीय चर्चा की शुरुआत 21 नवंबर से होगी, जो 30 नवंबर तक चलेगी। इस दौरान नवीन मद के प्रस्तावों पर भी रायशुमारी की जाएगी। नवीन मद प्रस्ताव सहित विभागीय बजट का आकार वर्ष 2023-24 के बजट प्रावधान का अधिकतम 7 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव को वित्तीय वर्ष 2024- 25 के बजट प्रस्ताव (नवीन मद के प्रस्ताव सहित) पर विभागाध्यक्ष स्तरीय चर्चा के लिए विभागवार तिथि निर्धारित करते हुए निर्देश जारी किए हैं। चर्चा के दौरान प्राथमिकता के आधार पर योजनाएं सूचीबद्ध की जाएंगी। वहीं संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है।

# इतनी सीटों पर जीत रही भाजपा

» **चुनाव नतीजों से पहले पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का दावा**



**रायपुर,20 नवम्बर 2023(ए)।** 3 दिसंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव की मतगणना पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा, 3 दिसंबर को परिणाम का इंतजार सभी को है. कार्यकर्ताओं की मेहनत और केंद्रीय नेतृत्व ने भी पर्याप्त समय दिया. पहले और दूसरे चरण के अभियान जिस तरह चले हैं, बीजेपी की स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनेगी. हर क्षेत्र से सर्वे और कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद निष्कर्ष यही निकला है. कम से कम 52 से 54 सीटों पर भाजपा जीत रही और भाजपा की सरकार बनेगी.

मंत्री टीएस सिंहदेव के चुनाव नहीं लड़ने और सीएम उम्मीदवारी पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि वह सही बोल रहे हैं, उनके मन की पीड़ा है. पांच साल से वह इंतजार कर रहे हैं. यह वादा कर उनको पांच साल घुमा कर रख दिया गया, पर उनकी भी इच्छा गलत समय पर जागृत हुई है. अब बीजेपी की सरकार बन रही है. कांग्रेस में अंतर्द्वंद्व पर रमन सिंह ने कहा, कांग्रेस में अंतर्द्वंद्व पूरे चुनाव के दौरान दिखा. जितने बड़े नेता थे वह अपने विधानसभा छोड़कर कहीं नहीं गए. एक विधानसभा में बांधकर उन्हें रखा गया. अब उनके मन की पीड़ा और आक्रोश झलक रही है. दीपक बैज के महिलाओं को वोट देने के बयान पर रमन सिंह ने कहा, महिलाओं का रुझान बीजेपी की योजना और घोषणा पत्र पर है. कांग्रेस की वादाखिलाफी के आक्रोश को प्रकट किया है. महिलाओं को छला गया और ठगा गया. महिलाओं ने गुस्से में आकर शानदार मतदान किया है. यह परिवर्तन का वोट है, जो महिलाओं ने दिया.

ट्रेनों के रद्द होने पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा, यह अस्थाई व्यवस्था है. जब ट्रैक पूरा होगा तो सबकी दिक्कतें दूर होगी. रेल मंडल से संपर्क में हैं. जल्द से जल्द छत्तीसगढ़ की सुविधा बहाल होगी. क्या मुख्यमंत्री पद के लिए रमन सिंह करेंगे दावेदारी..? इस पर रमन सिंह ने कहा, चेहरा बीजेपी ने तय नहीं किया है. सामूहिक नेतृत्व हमने पहले से तय किया है. विधायक दल की बैठक में चयन हो जाएगा, उसमें कहीं विलंब नहीं होगा.

## चिकित्सकों ने कहा,नंदकुमार बघेल को ब्रेन और स्पाइन की समस्या



**रायपुर,20 नवम्बर 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता बीमार हैं। उनका इलाज रायपुर के एक अस्पताल में जारी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हाल ही में पिता से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान एक तस्वीर भी सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर शेयर की।

मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल (89) को ब्रेन और स्पाइन से सम्बंधित पुरानी बीमारी है। डायबिटीज की भी परेशानी है। रायपुर के श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस से मिली जानकारी के मुताबिक 21 अक्टूबर को तबीयत अधिक बिगड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल लाया गया। जांच में पता चला कि दिमाग में खून का थक्का जमा था। उन्हें निमोनिया था और पूरे शरीर मे इन्फेक्शन फैला था, जिसे सेप्टिसिमिया कहते हैं, जिसकी वजह से नंद कुमार बघेल बिस्तर पर पड़ गए। इन्हे वेंटीलेटर की जरूरत पड़ी। अभी वे लगभग एक माह से बिस्तर में है, हालांकि उनकी बीमारी में इलाज के कारण अब थोड़ा सुधार आया है।

# माना एयरपोर्ट पर खुलने जा रही है एयर इंटेलिजेंस विंग की यूनिट

### काले धन, हवाले की रकम पर रहेगी आयकर विभाग की नजर

**रायपुर,20 नवम्बर 2023(ए)।** देश के तीन गैर महानगरीय एयरपोर्ट्स पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट स्थापित करने का आदेश केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने जारी कर दिया है। इनमें माना एयरपोर्ट रायपुर के साथ भोपाल और इंदौर एयरपोर्ट भी शामिल हैं ।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अवर सचिव वैभव श्रीवास्तव ने डीजी आयकर अन्वेषण ब्यूरो (सीजी एमपी) भोपाल को पत्र लिखकर मंजूरी से सूचित करते हुए बजट प्रस्ताव भेजने कहा है। इधर रायपुर के डीजी आयकर ने एयरपोर्ट अथारिटी से माना एयरपोर्ट लाउंज में दफ्तर के लिए कक्ष या स्पेस उपलब्ध कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैश ट्रैफिकिंग पर रहेगी नजर

यह विंग, सीआईएसएफ, एयरपोर्ट अथारिटी माना के साथ समन्वय से काला धन, विशेषकर हवाले की रकम और कारोबारियों की धरपकड़ में अहम भूमिका निभाएगा। अब तक सीआईएसएफ या एयरपोर्ट प्रबंधन की सूचना पर आयकर अमला काम करता रहा है। या फिर चुनावों के दौरान अस्थाई रूप स्टैटिक टीम के रूप में आयकर अमला एयरपोर्ट पर तैनात किया जाता रहा है। अब यह विंग स्थाई रूप से एक आफिस के रूप में एयरपोर्ट परिसर में ही काम करेगा।




नगदी के साथ जेवरात पर भी नजर

यह अमला सीआईएसएफ के जवानों के साथ बैगेज, लगेज स्कैनर पर बारीकी से नजर रखेगा। इस दौरान नगदी के साथ-साथ जेवरात मिलने पर भी कार्रवाई करेगा। यह नवा रायपुर स्थित आयकर अन्वेषण ब्यूरो के अधीन होगा। जहां संयुक्त कमिश्नर के मातहत दो से तीन शिफ्ट में आधा दर्जन से अधिक आई टी ओ, आईटी इंस्पेक्टर और लिपिक भी तैनात रहेंगे। हालांकि अभी आफिस सेटअप की जानकारी नहीं दी गई है।

### राजधानी में कारोबार और लेनदेन में हुई बोत्तरी

बता दें कि आयकर विभाग ने हाल के वर्षों में राजधानी शहर में हवाला कारोबार और लेनदेन में बड़ी बढ़ोतरी देखी है। कैश ट्रैफिकिंग में पुरुषों के साथ ङ्क साथ, महिलाओं की भी भूमिका रही है। इस वर्ष की पहली तिमाही में स्वर्ण भूमि परिसर निवासी एक महिला को हवाला रकम के साथ आयकर टीम ने एयरपोर्ट में ही पकड़ा था। इसकी सूचना दिल्ली एयरपोर्ट के इसी विंग ने दी थी।

## प्रदेश से मनीष दयाल और अरशद अली को मिली अहम जिम्मेदारी





**रायपुर,20 नवम्बर 2023(ए)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जवाहर बाल मंच विभाग ने आज राष्ट्रीय स्तर पर 4 राष्ट्रीय संयोजकों (सोशल मीडिया) की नियुक्ति की है। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के दो अनुभवी नेताओं अरशद अलि और इंजीनियर मनीष दयाल को नियुक्त किया गया है।

कांग्रेस प्रवक्ता मनीष दयाल और प्रदेश कांग्रेस प्रोटोकॉल समिति के सदस्य अरशद अली को राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है। आगामी दिनों में होने वाली विभाग की बैठक में दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों को अलग अलग प्रदेश का प्रभार दिया जाएगा।

अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के जवाहर बाल मंच विभाग के राष्ट्रीय संयोजक अरशद अलि और इंजीनियर मनीष दयाल को नियुक्ति आदेश मंच के राष्ट्रीय संयोजक तैयब शाहिद ने जारी किया है।

बता कि जवाहर बाल मंच के अध्यक्ष जीवी हरि की अनुशंसा पर यह पहली सोशल मीडिया की राष्ट्रीय कमेटी गठित की गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ से अरशद अलि और मनीष दयाल को महती जिम्मेदार मिली है

अरशद पूर्व में एनएसयूआई यूथ कांग्रेस, पीसीसी के अल्प संख्यक विभाग और प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी में भी प्रोटोकॉल समेत कई अहम पदो में जिम्मेदारी आभा चुके हैं।

## विधानसभा चुनाव के नतीजे से पहले एक्शन में आई कांग्रेस

» **3 नेताओं पर कार्रवाई कर 6 साल के लिए पार्टी से किया निष्कासित**

**बस्तर,20 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस में बगावत करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी है। पार्टी ने जगदलपुर में अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ गतिविधियों में काम करने के आरोप में तीन कांग्रेसी नेताओं पर कार्रवाई की है। जिसमें पूर्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष कमल झज्ज, विक्रम शर्मा और कुक्की झारी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।




गौरतलब है कि कांग्रेस के प्रत्याशी जतिन जयसवाल और स्थानीय संगठन के पदाधिकारी ने आला कमान से भीतर घातियों की शिकायत की थी। आला कमान के निर्देश पर जगदलपुर में शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने निष्कासन की कार्रवाई करते हुए 3 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया है।

# कांग्रेस प्रत्याशियों ने पीसीसी चीफ से की शिकायत

### दीपक बैज का आया बयान

**रायपुर,20 नवम्बर 2023(ए)।** उपमुख्यमंत्री व अंबिकापुर से कांग्रेस प्रत्याशी टीएस सिंहदेव के सीएम बनने के बयान पर पीसीसी चीफ दीपक बैज का बयान सामने आया है. बैज ने कहा, वो बयान हमारे वरिष्ठ नेता का व्यक्तिगत हैं. भाजपा को मुद्दा चाहिए, वो बड़े लीडर उनका सोचना कहना छत्तीसगढ़ के लिए मायने रखता है. ये उनका व्यक्तिगत बयान है.।कांग्रेस की समीक्षा बैठक को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा दो दिनों तक समीक्षा हुई, प्रत्याशियों से चर्चा हुई. पार्टी ने बेहतर चुनाव लडा है. 2023 में कांग्रेस फिर से सरकार बना रही है. छत्तीसगढ़ में 75 प्लस सीटों पर जीत कर आएंगे.





समीक्षा बैठक पर हुई शिकायतों को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, कुछ शिकायतें आई. कुछ प्रत्याशियों, जिलाध्यक्षों ने शिकायत की है. शिकायतों को पार्टी ने गंभीरता से लिया है. शिकायतों का परीक्षण कराएंगे कुछ गलत होगा तो कार्रवाई होगी।

## पुरुषों से ज्यादा महिलाओं ने किया मतदान

**रायपुर,20 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मतदान के मामले में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों से कहीं ज्यादा रहा हैं। इसके साथ ही 90 में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में भी महिला मतदाता पुरुषों से आगे रही हैं। छत्तीसगढ़ में दो चरणों सात और 17 नवंबर को हुए मतदान में कुल एक करोड़ 55 लाख 61 हजार 460 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमे 77 लाख 48 हजार 612 पुरुष मतदाता और 78 लाख 12 हजार 631 महिला मतदाता शामिल हैं।




विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाली महिला मतदाताओं की कुल संख्या वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या से अधिक हैं। छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया हैं।

# युवक की चाकू मारकर हत्या



### अवैध संबंध बना हत्या का कारण

**दुर्ग,20 नवम्बर 2023(ए)।** छठ पर्व के दौरान एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने से इलाके में सनसनी फैल गई. इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आपसी रंजित के चलते आरोपियों ने युवक की गला रेतकर हत्या की है. यह मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है. हत्या की घटना में जिस आरोपी की संलिप्तता सामने आई है. वह पूर्व में भी हत्या के आरोप में जेल जा चुका है.

मिली जानकारी के मुताबिक, रविवार रात 9 बजे वार्ड 46 मिनीमाता नगर ख़ुर्शीपार निवासी (23 वर्षीय) विजय पासवान की हत्या हुई थी. पुलिस ने आरोपी भूषण साहू, जुगनू और सुमित गेंदले को गिरफ्तार लिया है. मृतक विजय रविवार को छठ पूजा के बाद घर लौटा था. इस दौरान आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने हत्या की घटना को अंजाम दिया. हादसे के बाद भाजपाइयों ने थाने का घेराव किया था. बताया जा रहा कि आरोपी की भाभी के साथ मृतक विजय पासवान का अवैध संबंध था. आरोपी भूषण साहू के भाई और भाभी का तलाक हो गया था, जिसके चलते आरोपी भूषण साहू ने साल 2016 में मृतक विजय पासवान से मारपीट की थी और ख़ुर्शीपार थाने में मामला दर्ज कराया था. इसे लेकर लगातार दोनों के बीच झगड़ा लड़ाई होती रहती थी. कल रात आचनक धारदार हथियार से हमला करने पर विजय की मौत हो गई.।

## क्षेत्र में बढ़ रही है चाकूबाजी की घटना

### अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**धमतरी ,20 नवम्बर 2023(ए)।** धमतरी में पुलिस प्रशासन व्दारा चाकूबाजों पर ठोस कार्रवाई नहीं करने से जिले में चाकूबाजी की घटना बढ़ गई है। सप्ताह भर में ही चाकूबाजी की घटनाओं में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं, जबकि एक युवक को अपनी जान गवानी पड़ी।



लगातार हो रहे चाकूबाजी की घटना से लोग दहशत में है। इसके बाद भी पुलिस चाकूबाजी को रोकने गंभीर नजर नहीं आ रही है। दरअसल नवंबर माह में ही धमतरी में चाकूबाजी की करीब दर्जन भर मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। जिले में सूखा नशा का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है और युवा पीढ़ी सूखे नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं। ऐसे में नशे के आदी युवक चाकू चलाने से भी नहीं घबराते। वहीं नशेड़ी युवक नशे के सामान के लिए चाकू दिखाकर रंगदारी भी वसूलते है और पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला कर देते हैं। बहरहाल पुलिस प्रशासन का दावा है कि चाकूबाज युवकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस की पेट्रोलिंग रोजना गली मोहल्लों में होती है बावजूद इसके चाकूबाजी की घटना लगातार सामने आ रही है। ऐसे में अब सवाल ये है कि पुलिस के द्वार क्या एक्शन लिया जाता है और क्या पुलिस इन चाकूबाजों को गिरफ्तार करती है या नहीं।



# व्यापारी के घर घुसा विशाल काय अजगर

## घर में घुसे अजगर को देखने के बाद व्यापारी के परिवार में मचा हड़कम्प

**सीतामढ़ी,20 नवम्बर 2023(ए)।** जिले में लगातार सांप निकलने का सिलसिला जारी हैं.। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर सांप निकलने के कारण लोगों में डर बना रहता हैं। ताजा मामला आज सीतामढ़ी के एक व्यापारी के घर देखने को मिला। जहां विशाल काय अजगर देखने के बाद हड़कप मच गया। बताया जा रहा है कि सीतामढ़ी के बोरा व्यापारी के घर में काम करते वक्त घर वालों की नज़र बोरे के ऊपर बैठे एक विशाल काय 8 फीट के अजगर पर पड़ी. इसके फौरन बाद इसकी जानकारी वन विभाग के स्नैक कैचर को दी गई. मौके पर पहुंचे स्नैक कैचर ने सावधानी से रेस्क्यू ऑपरेशन चालू किया. इस दौरान अजगर गुस्से से लगातार स्नैक कैचर को काटने का प्रयास करता रहा, फिर भी उसे नहीं छोड़ा और आखिरकार अजगर को बोरे में डालने में कामयाब हुए. इसके बाद घर वालों ने राहत भरी सांस ली. फिर अजगर को जंगल में छोड़ दिया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)